NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.I B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 16 अंक: 47 लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू दिल्ली में पीएम से मिलेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूखा राहत पर मागेंगे मदद

एजेंसी।

दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों से मिलेंगे। इस दौरान वे विशाखापत्तनम मेट्रो रेल, बीच कॉरिडोर और नदी जोड़ो परियोजनाओं की मंजूरी मांगेंगे। साथ ही अल नीनो से उपजे सूखे से निपटने और गोदावरी पुष्करम के लिए विशेष केंद्रीय आर्थिक मदद की मांग करेंगे।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार दोपहर से दो दिन के लिए दिल्ली का दौरा करेंगे, जहाँ वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। इन मुलाकातों में राज्य की बड़ी परियोजनाओं और सूखे से राहत के कामों के लिए मंजूरी और आर्थिक मदद हासिल करने पर चर्चा होगी। उम्मीद है कि नायडू विशाखापत्तनम मेट्रो रेल और बीच



कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स के लिए प्रधानमंत्री से मंजूरी की मांग करेंगे। साथ ही, वे आंध्र प्रदेश में नदियों को आपस में जोड़ने वाली परियोजना शुरू करने का भी आग्रह करेंगे। अल नीनो की वजह से राज्य में सूखे जैसे हालात हैं, इसलिए मुख्यमंत्री राहत कार्यों के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से विशेष आर्थिक मदद की मांग करेंगे। इसके अलावा, नायडू अगले साल होने वाले गोदावरी पुष्करम उत्सव के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से केंद्र की मदद की मांग करेंगे। सीतारमण के साथ बातचीत में रायलसीमा ग्लोबल हॉर्टिकल्चर हब प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। अपनी यात्रा के दौरान, नायडू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी मिलेंगे। वे गोदावरी नदी से समुद्र में बह जाने वाले भारी बाढ़ के पानी का इस्तेमाल करने की रणनीतियों और प्रस्तावित नदी–जोड़ो योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों के साथ और बैठकें होंगी।

गुरुवार दोपहर को, मुख्यमंत्री दिल्ली में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) की पार्टनरशिप कॉन्फ्रेंस के श्कर्टेन रेजरश (शुरुआती कार्यक्रम) में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ शामिल होंगे। नायडू के गुरुवार रात अमरावती लौटने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तंज राज्य सभा चुनाव से तय हुआ 2027 का गणित, 80-20 की लड़ाई

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पीडीए पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हालिया राज्यसभा चुनावों ने 2027 विधानसभा चुनाव की दिशा तय कर दी है, जहां 80 प्रतिशत जनता एनडीए के साथ है। साथ ही उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने राज्य के राजनीतिक 80–20 समीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि हालिया राज्यसभा चुनावों से इस बात की झलक मिली है कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में क्या हो सकता है। लखनऊ में GPO के पास पटेल पार्क में श्सेवा ज्योति यात्रा – विकसित भारत संकल्प सभाश घ्को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव से अगले विधानसभा चुनाव की संभावित दिशा का पता चला है। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले च्व। (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समूह पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कल हुए राज्यसभा चुनाव ने दिखा दिया है कि विधानसभा चुनावों का नतीजा क्या होने वाला है। यह लड़ाई एक बार फिर 80–20 का मुकाबला बन गई है। 80 प्रतिशत NDA के साथ और 20 प्रतिशत PDA के साथ। और PDA का क्या होगा, यह बाद में पता चलेगा। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। पीएम मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम को संबोधित किया, जबकि योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा नाम की एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया।योगी आदित्यनाथ ने मोदी पर राजनीतिक



हमला करने के साथ–साथ उनकी जमकर तारीफ भी की, जिनके सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने का जश्न इस कार्यक्रम में मनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि गुजरात से राष्ट्रीय स्तर तक के उनके राजनीतिक सफर ने भारत को दुनिया भर में एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने याद दिलाया कि पीएम मोदी 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे, जब राज्य एक भयानक भूकंप के असर से जूझ रहा था और कई चुनौतियों का सामना कर रहा था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी ने बाद में गुजरात को विकास के एक मॉडल के तौर पर पेश किया और प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को एक मजबूत और सक्षम देश के रूप में स्थापित करने के लिए काम किया। उन्होंने पीएम मोदी के सफर को 'गाँव से ग्लोबल' तक का सफर बताया और कहा कि इससे भारत के युवाओं किसानों और महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है।

विपक्ष के हमलों के बीच क्या हटेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जानिए क्या है प्रक्रिया

एजेसी।

दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल साबित दुर्व्यवहार या अक्षमता के आधार पर संसद में विशेष बहुमत और राष्ट्रपति के आदेश से ही सुप्रीम कोर्ट के जज की तरह हटाया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर फिलहाल विपक्ष का हल्ला बोल जारी है। जब से इंडियन एक्सप्रेस में चुनाव आयोग को लेकर रिपोर्ट आई थी, उसके बाद से विपक्ष को सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ बड़ा मौका मिल गया है। विपक्ष लगातार सड़क पर प्रदर्शन कर रहा है। इतना ही नहीं, कॉकरोच जनता पार्टी ने भी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 10 अक्टूबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने की धमकी दी है। साथ ही साथ लगातार पिछले दो दिनों से राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरा विपक्ष सड़क पर है और प्रदर्शन कर रहा है। विपक्ष साफ तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर बीजेपी की मदद करने का आरोप लगा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और भाजपा को जीतने में मदद की जा रही है। दिल्ली में जून जुलाई में जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के हुए प्रदर्शन के बाद केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ था। उसके बाद से विपक्ष सहित सरकार विरोधी खेमे को इस बात की उम्मीद हो गई है कि प्रदर्शनों के जरिए हम सरकार पर दबाव बनाकर इस्तीफा ले सकते हैं। शायद यही वजह है कि विपक्ष फिलहाल चुनाव आयोग पर ही जबरदस्त तरीके से हमलावर है। हालांकि, पहले भी विपक्ष चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाता रहा है। लेकिन इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के बाद विपक्ष को बड़ा मौका मिल गया है और उसे फिलहाल भुनाने की कोशिश उसकी ओर से की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मोदी सरकार दबाव में आएगी? क्या इन प्रदर्शनों का असर हमें देखने को मिलेगा और मुख्य चुनाव आयुक्त अपना इस्तीफा देंगे क्योंकि लगातार यही मांग की जा रही है। क्या सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को हटा सकती है? मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया क्या है? संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अनुसार, CEC को पद से उसी तरह और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को। यह कानूनी प्रक्रिया जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 के तहत आती है और इसमें ये



कड़े चरण शामिल हैं यह कमिटी औपचारिक जांच करती है और एक रिपोर्ट सौंपती है जिसमें CEC को लगाए गए आरोपों के लिए दोषी या निर्दोष पाया जाता है। अगर कमिटी को गलत व्यवहार या अक्षमता का कोई सबूत नहीं मिलता है, तो यह प्रक्रिया पूरी तरह से खत्म हो जाती है। स्पेशल मेजॉरिटी (विशेष बहुमत) से वोटिंग की चुनौतीअगर कमिटी को दोषी पाती है, तो इस प्रस्ताव पर संसद के दोनों सदनों में वोटिंग होती है। इसे पास करने के लिए हर सदन में अलग–अलग स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है जब दोनों सदन एक ही सत्र में स्पेशल मेजॉरिटी के साथ प्रस्ताव पास कर देते हैं, तभी यह प्रस्ताव भारत के राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है, जो फिर पद से हटाने का आधिकारिक आदेश जारी करते हैं। धारा 16 के तहत सुरक्षा का मतलब है मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (ECs) को दी गई कानूनी छूट। यह प्रावधान मौजूदा या पूर्व चुनाव आयुक्तों को नेक नीयत से किए गए किसी भी आधिकारिक काम के लिए सिविल या आपराधिक अदालती कार्यवाही से सुरक्षा देता है।

कानून में साफ तौर पर कहा गया है कि किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कोई भी सिविल या क्रिमिनल कार्यवाही शुरू या जारी नहीं की जाएगी, जो ब्ब्ा या म्ब्ा रहा हो या है, और जिसने अपने सरकारी काम के दौरान कोई काम किया हो, कोई बात कही हो या कोई शब्द बोला हो।

एक लाख से अधिक डिजिटल कृषि लोन आवेदन दर्ज करने वाला बना पहला राज्य बना यूपी, कर्नाटक और हरियाणा को छोड़ा पीछे

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की कृषि व्यवस्था में तकनीक और डिजिटलाइजेशन के प्रवेश ने राज्य को देश में एक नया मुकाम दिलाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता पर शुरू की गई डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड (e&KCC) योजना के तहत उत्तर प्रदेश 1 लाख से अधिक आवेदन दर्ज करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। महज आठ महीनों के भीतर उत्तर प्रदेश ने डिजिटल कृषि लोन के मामले में अन्य सभी राज्यों को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है। इस डिजिटल व्यवस्था से प्रदेश के लाखों छोटे और सीमांत किसानों को बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति मिली है और उन्हें घर बैठे ही समय पर वित्तीय सहायता मिल रही है। कर्नाटक और हरियाणा को पछाड़कर यूपी बना देश में नंबर–1 डिजिटल केसीसी (म–ज्ञब्ब) के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने देश के अन्य राज्यों के मुकाबले अभूतपूर्व बढ़त बनाई है। उत्तर प्रदेशरू 1,00,000 से अधिक आवेदन (प्रथम स्थान)कर्नाटकरू लगभग 95,000 आवेदन (दूसरे स्थान पर)हरियाणा– लगभग 42,000 आवेदन (तीसरे स्थान पर)सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के चलते प्रदेश के राजस्व और सहकारिता विभाग ने बैंक शाखाओं के साथ मिलकर इस अभियान को गांव–गांव तक पहुंचाया, जिसका नतीजा यह रहा कि यूपी आज पूरे देश में डिजिटल कृषि क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। बैंक जाने का झंझट खत्म, समय और पैसे की हो रही बचतपारंपरिक रूप से किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) बनवाने या ऋण लेने के लिए किसानों को तहसील, पटवारी और बैंकों के चक्कर काटने पड़ते थे, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। अब किसान अपने मोबाइल ऐप या ई–केसीसी पोर्टल के जरिए घर बैठे ही आवेदन कर सकते हैं। भूमि अभिलेखों (भूलेख) का डिजिटल सत्यापन होने से लोन की मंजूरी और राशि का हस्तांतरण काफी कम समय में पूरा हो रहा है। इस पारदर्शी प्रक्रिया से बिचौलियों का प्रभाव खत्म हुआ है और सीधे पात्र किसानों तक बैंक लोन की पहुंच सुनिश्चित हुई है। डिजिटल कृषि सेवाओं का बढ़ता विस्तार उत्तर प्रदेश के सहकारिता



मंत्री जेपीएस राठौर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नाबार्ड द्वारा संचालित इस डिजिटल केसीसी सुविधा का शुभारंभ इसी वर्ष फरवरी में किया था।

इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को तकनीक के माध्यम से औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और ऋण प्रक्रिया को सरल बनाना है। महज आठ महीने में एक लाख से अधिक किसानों का ई–केसीसी के लिए आवेदन करना यह साबित करता है कि प्रदेश का किसान अब तकनीक को अपना रहा है और उत्तर प्रदेश डिजिटल कृषि सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।डबल इंजन सरकार का किसान–केंद्रित दृष्टिकोण केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की नीतियों के केंद्र में हमेशा से देश का अन्नदाता रहा है। ई–केसीसी न केवल किसानों की क्रेडिट आवश्यकताओं को समय पर पूरा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन पर योगी ने दी बधाई, कहा- भारत को वैश्विक पहचान दिलाई

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को जीपीओ स्थित पटेल पार्क में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'जनसेवा से देशसेवा' प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने परोक्ष रूप से समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव ने बता दिया है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई फिर 80–20 की हो गई है। इसमें 80 प्रतिशत हिस्सा एनडीए और 20 प्रतिशत पीडीए का है। पीडीए का क्या हाल होगा, यह बाद में पता चलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और अहर्निश जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होना प्रत्येक भारतवासी



के लिए गौरव का दिन है। गुजरात के छोटे से गांव से निकलकर नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व किया और एक सामान्य कार्यकर्ता तथा स्वयंसेवक ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। उस समय गुजरात भीषण आपदा से जूझ रहा था और देशभर में चिंता का माहौल था। दूसरी ओर समाज और राष्ट्र विरोधी तत्व अराजकता एवं अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास कर रहे थे। ऐसी परिस्थितियों में मोदी ने गुजरात की जिम्मेदारी संभाली और उसे मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया।योगी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया के सामने सशक्त और समर्थ देश के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के नागरिकों के मन में विश्वास पैदा करते हुए 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ नए भारत के निर्माण को गति दी। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तब अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ से सांसद रहते हुए प्रधानमंत्री थे और आज नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सांसद के रूप में देश का नेतृत्व कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की यात्रा को 'गांव से ग्लोबल' तक की यात्रा बताते हुए कहा कि इस यात्रा ने आम नागरिक के जीवन में बदलाव और युवाओं के मन में नया विश्वास पैदा किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की खुशहाली और युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को मजबूत करने की दिशा में काम हुआ है।आर्थिक मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि करीब 12 वर्ष पहले भारत की गिनती दुनिया की कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में होती थी और प्रति व्यक्ति आय भी कम थी, लेकिन अब भारत ने आर्थिक क्षेत्र में शीर्ष पांच देशों में स्थान बनाया है तथा प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पहले देश में कुछ हजार स्टार्टअप थे, जबकि आज इनकी संख्या ढाई लाख से अधिक हो चुकी है।

बाढ़ के दर्द के बीच आस्था और उम्मीद की पुकार है 'बाढ़ में बिहार, छठी मइया खेवनहार'

अक्षरा सिंह की भावपूर्ण आवाज, मनोज भावुक के संवेदनशील शब्द और मधुकर आनंद का संगीत

Wisdom india

मुंबई, 7 अक्टूबर 2026। बिहार में बाढ़ की त्रासदी के बीच आम जनजीवन की पीड़ा और आस्था को स्वर देता भोजपुरी गीत 'बाढ़ में बिहार, छठी मइया खेवनहार' रिलीज हो गया है। लोकप्रिय अभिनेत्री–गायिका अक्षरा सिंह की भावपूर्ण आवाज में यह गीत विपदा की घड़ी में उम्मीद, विश्वास और प्रार्थना की आवाज बनकर सामने आया है।

गीत के रचनाकार मनोज भावुक ने बाढ़ से प्रभावित घर–परिवार, खेत–खलिहान और आम लोगों की व्यथा को बेहद सहज और मार्मिक शब्दों में अभिव्यक्त किया है। गीत में दुर्गा मइया और छठी मइया से बिहार की नैया पार लगाने की प्रार्थना है। म्ब्ाुकर आनंद ने गीत की संवेदना के अनुरूप करुणा और उम्मीद से भरा संगीत दिया है।

अक्षरा सिंह ने अपनी सशक्त और भावपूर्ण गायकी से गीत के दर्द और प्रार्थना को गहराई दी है। खास बात यह है कि बाढ़ के दौरान वह स्वयं बिहार पहुंचकर पीड़ितों की मदद में जुटी थीं। बिहार के लोगों की तकलीफ को करीब से महसूस कर चुकीं अक्षरा की आवाज में इस गीत की संवेदना और भी आत्मीय हो उठी है।



https://youtu-be/ONNeBwN4UDw\si¾zAgR5HohWaJkLAwi

भोजपुरी साहित्य और संस्कृति के सजग हस्ताक्षर मनोज भावुक इससे पहले भी 'पलायन के दर्द, सुनेए छठी मइया' और 'जागे यूपी–बिहार' जैसे गीतों के जरिए सामाजिक सरोकारों को स्वर दे चुके हैं। 'बाढ़ में बिहार, छठी मइया खेवनहार' भी उनकी इसी रचनात्मक संवेदना का विस्तार है।

गीत में बाढ़ की विभीषिका के बीच बिहार के लोगों की पीड़ा के साथ यह भरोसा भी है कि कठिन समय गुजर जाएगा और उम्मीद की नाव किनारे लगेगी।

गीत सुनें–

एसआईआर के नाम पर मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र - आराधना मिश्रा

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने के लिए '400 पार' का नारा दिया था, लेकिन संविधान रक्षक नागरिकों ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को आधा कर उसकी सत्ता को बैसाखियों पर ला दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भाजपा ने संविधान पर प्रहार का दूसरा रास्ता निकाला और एसआईआर के नाम पर देश के करोड़ों लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र रचा गया।आराधना मिश्रा ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा और संविधान रक्षक राहुल गांधी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इस प्रक्रिया के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज चार ऐसे प्रमाण देश और प्रदेश के सामने रख रही है, जो चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।उन्होंने कहा कि इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग के दोनों आयुक्तों संधू और जोशी ने कहा कि कानून का उल्लंघन कर फॉर्म–6 में बदलाव किया गया और उन्हें जानकारी से बाहर रखकर फैसले लिए जा रहे थे। उनका सवाल है कि यदि चुनाव जैसी संवेदनशील संवैधानिक प्रक्रिया में आयोग के आयुक्तों को ही जानकारी से बाहर रखा गया तो जनता चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल क्यों न उठाए।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने फॉर्म–6 में बदलाव की कोई अनुमति नहीं दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि फॉर्म–6 में बदलाव किसके आदेश पर और किस अधिकार के तहत किया गया।उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस भुइयां ने अंग्रेजी शासन के दौर का उदाहरण देते हुए कहा था कि उस समय केवल प्रभावशाली लोगों को ही मतदान का अधिकार था और आबादी के करीब 14 प्रतिशत लोग ही मतदान कर पाते थे। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी लोकतंत्र में सार्वभौमिक मताधिकार के महत्व और मतदाता सूची से लोगों को बाहर किए जाने की गंभीरता को रेखांकित करती है।आराधना मिश्रा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रोहिंटन नरीमन ने पश्चिम बंगाल में करीब 90 लाख वोट काटे जाने का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया था कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने के बावजूद अदालत को एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने की आवश्यकता क्यों महसूस नहीं हुई।उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों के बीच संवैधानिक संस्था और सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीशों की टिप्पणियां चुनाव आयोग और उसके प्रमुख ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं तथा राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे सवालों को मजबूती प्रदान करती हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश ने भाजपा को सबक सिखाया, उसी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के नाम सबसे ज्यादा हटाए गए। उन्होंने मुख्यमंत्री और वाराणसी के सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि जब मतदाता सूची से सबसे ज्यादा नाम उत्तर प्रदेश में हटाए गए तो उन्होंने आपत्ति लेने के बजाय मतदाताओं से छीने गए अधिकारों को सही ठहराने का काम क्यों किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग से तीन प्रमुख सवाल पूछना चाहती है। पहला सवाल यह है कि अतिरिक्त 16 लाख 18 हजार वोट किस प्रक्रिया से आए। उनके मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध फॉर्म–6 आवेदनों में करीब 71 लाख 38 हजार आवेदन दिखाई देते हैं, जबकि अंतिम मतदाता सूची में 84 लाख 28 हजार नाम जोड़े गए हैं। दोनों आंकड़ों में करीब 16 लाख 18 हजार का अंतर है। कांग्रेस ने सवाल किया कि ये अतिरिक्त नाम किस प्रक्रिया के तहत जोड़े गए और इन मतदाताओं के फॉर्म–6 आवेदन तथा संबंधित विवरण सार्वजनिक रूप से कहां उपलब्ध हैं।दूसरा सवाल उठाते हुए आराधना मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 2026 की त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता सूची में 12 करोड़ 58 लाख और 2023 की नगरीय निकाय मतदाता सूची में 4 करोड़ 33 लाख मतदाता थे। दोनों आंकड़ों को जोड़ने पर संख्या करीब 16 करोड़ 91 लाख होती है, जबकि एसआईआर के बाद विधानसभा की अंतिम मतदाता सूची में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता रह गए। कांग्रेस ने करीब 3 करोड़ 52 लाख मतदाताओं के इस अंतर का कारण बताने की मांग की।तीसरे सवाल के तहत उन्होंने कहा कि एसआईआर से पहले उत्तर प्रदेश की विधानसभा मतदाता सूची में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता थे, जबकि अंतिम एसआईआर सूची में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता रह गए। इस तरह करीब 2 करोड़ 4 लाख मतदाताओं की संख्या कम हुई। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पूछा कि इन मतदाताओं के नाम किन–किन कारणों से हटाए गए।उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग यह स्पष्ट करे कि कितने नाम मृत्यु, कितने स्थान परिवर्तन, कितने डुप्लीकेट होने, कितने मतदाता अनुपलब्ध पाए जाने, कितने दस्तावेजों के अभाव और कितने अन्य कारणों से हटाए गए। साथ ही प्रत्येक श्रेणी का जिला और बूथवार आंकड़ा सार्वजनिक किया जाए तथा हटाए गए प्रत्येक मतदाता की सूची और नाम हटाने का कारण भी सार्वजनिक किया जाए।आराधना मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता केवल एक संख्या नहीं, बल्कि संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है।

प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग होगा फोरलेन- उज्जवल

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी स्वीकृति

प्रयागराज। प्रयागराज–मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–35 पर रोजाना लगने वाले जाम और भारी यातायात के दबाव से जल्द ही लोगों को मुक्ति मिलने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस मार्ग को 2–लेन से बढ़ाकर 4–लेन में चौड़ीकरण करने की योजना को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी है इसकी सूचना केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सांसद को दी गई।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह 6 मार्च 2026 को नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मिर्जापुर मार्ग पर लगने वाले जाम से अवगत कराया था और कहा कि कि भविष्य में स्थित और खराब होगी उसके पहले सड़ध्क चौड़ीकरण का पत्र दिया था जिसको संज्ञान लेते हुए सड़क परिवहन मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। सांसद ने अपने पत्र में मुंगारी टोल प्लाजा पर लगने वाले लंबे जाम और यात्रियों व श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा की ओर ध यान आकृष्ट कराया था।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद को भेजे पत्र में बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (क्च्) तैयार करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति कर दी गई है और रिपोर्ट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।आवागमन होगा सुरक्षित और जाम–मुक्त प्रयागराज। राजमार्ग के 4–लेन होने से प्रयागराज और मिर्जापुर के बीच यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम और जाम–मुक्त हो जाएगी। इससे स्थानीय निवासियों के साथ–साथ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ी राहत मिलेगी।

करवरिया बंधुओं की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज

जवाहर पंडित हत्याकांड में मिली है उम्रकैद की सजा, जेल में रहेंगे दोनों भाई

प्रयागराज। पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सपा विधायक रहे जवाहर पंडित हत्याकांड में हाईकोर्ट ने दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी। कोर्ट ने विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित हत्याकांड मामले से जुड़ी क्रिमिनल अपीलों में उम्रकैद की सजा काट रहे अभियुक्तों की दूसरी जमानत देने से इन्कार कर दिया है।जस्टिस सलील कुमार राय और जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की डिविजन बेंच फैसला सुनाया। पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व एमएलसी सूर्यभान करवरिया और रामचंद्र त्रिपाठी उर्फ कल्लू ने जमानत के लिए फिर से याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने किसी को भी राहत देने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि जमानत का आधार ही नहीं बनता।इलाहाबाद के सिविल लाइंस इलाके में 13 अगस्त 1996 को सपा के तत्कालीन विधायक जवाहर पंडित की दिनदहाड़े एके–47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने करवरिया बंधुओं समेत अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

इस फैसले के खिलाफ रामचंद्र त्रिपाठी, पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व एमएलसी सूर्यभान करवरिया और पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की।इसी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए तीसरे भाई पूर्व विधायक उदयभान करवरिया जेल से बाहर हैं। जेल में अच्छे आचरण व दया याचिका समिति की संस्तुति के आधार पर पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की समय पूर्व रिहाई कर दी गई है। योगी सरकार की पैरवी के बाद राज्यपाल ने उनकी सजा माफी मंजूर कर ली थी।

प्रधानमंत्री के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रयागराज में निकली 'सेवा ज्योति यात्रा'

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' के तहत 'सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन सुना गया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश के विकास में उनके योगदान को रेखांकित किया।

आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठन को जनसरोकारों से जोड़ने के बीच प्रयागराज में भाजपा ने 'सेवा ज्योति यात्रा' के जरिए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की। सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर आयोजित तीनों संगठनात्मक जनपदों के संयुक्त कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सेवा ज्योति कलश और मशाल कार्यकर्ताओं तथा जनता को समर्पित की। कार्यक्रम के मंच से मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को भाजपा की राजनीतिक यात्रा की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए उनके नेतृत्व की जमकर सराहना की। संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन का



कार्यक्रम में भाजपा के महानगर और यमुनापार संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री और पूर्व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को रूप भी दिया। प्रभारी महानगर राकेश त्रिवेदी, सांसद प्रवीन पटेल, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक राजमणि कोल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल रहे।

एचआईवी-एड्स जागरूकता के संदेश के साथ बीबीएयू में हुआ 'रेड रन उत्तर प्रदेश-2026', 70 जिलों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

लखनऊ (आरएनएस)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ और उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'रेड रन उत्तर प्रदेश–2026' मैराथन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में एचआईवी–एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना रहा। प्रदेश के सभी 70 जिलों के प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल रहे। आयोजन उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी के निर्देशन में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में सोसाइटी के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सोलंकी और दिनेश प्रताप सिंह मौजूद रहे। प्रसिद्ध एथलीट अंजली चौरसिया, सेवानिवृत्त हॉकी खिलाड़ी प्रवीण सिंह तथा छह बार के राष्ट्रीय चौंपियन एथलीट भुवन सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम संयोजक प्रो. पवन कुमार चौरसिया ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुलपति ने फ्लैग ऑफ कर मैराथन का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरी ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया।डॉ. संजय सोलंकी और दिनेश प्रताप सिंह ने रेड रन के उद्देश्यों और एचआईवी–एड्स के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं की सहभागिता की सराहना करते हुए जागरूकता का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।रेड रन में शामिल प्रतिभागियों ने अपने–अपने जिलों में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने के बाद राज्य स्तरीय आयोजन में हिस्सा लिया। प्रदेश के 18 मंडलों की एड्स सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भी आयोजन में सहभागिता की। उनके योगदान के लिए मेडल, स्मृति–चिह्न और प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का पंजीकरण निशुल्क रखा गया था और इससे संबंधित गतिविधियां बीबीएयू में संचालित की गईं।10 किलोमीटर दौड़ की महिला श्रेणी में वाराणसी की सोनी देवी ने प्रथम, वाराणसी की लक्ष्मी ने द्वितीय और अर्चना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बरेली की सोनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में देवरिया के अभिषेक वर्मा ने प्रथम, मऊ के विद्यसागर ने द्वितीय और वाराणसी के आयुष पाल सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। अलीगढ़ के सुनील कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।पांच किलोमीटर दौड़ की महिला श्रेणी में बीबीएयू की छात्राओं का दबदबा रहा। स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी की संजना देवी ने प्रथम, राजनीति विज्ञान विभाग की बिनता देवी ने द्वितीय और यूआईईटी की भूमिका बंजारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में एसवीएम के रजनीश कुमार ने प्रथम, बीबीडी लखनऊ के रवि यादव ने द्वितीय और इसी विश्वविद्यालय के अतुल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पोर्ट्स कॉलेज के सावंत कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि दी गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 12 हजार रुपये, द्वितीय को 10 हजार रुपये, तृतीय को आठ हजार रुपये और सांत्वना पुरस्कार विजेता को पांच हजार रुपये प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र भी दिए गए।आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए जुंबा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बैंड की संगीत प्रस्तुति से कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। इसके साथ ही आयोजन समिति ने वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से पवन चंदेल, अतुल दीक्षित, नरेंद्र सिंह और अजय शुक्ला मौजूद रहे।

प्रतियोगी छात्रा से रेप, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

आरोप- शादी का वादा कर 3 साल संबंध बनाए, ढाई लाख रुपए लिए, गर्भपात कराया

प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उससे करीब ढाई लाख रुपए लिए और शिकायत करने पर धमकी दी। उसने जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कर्नलगंज पुलिस ने नरसिंह दासपुर, थाना महरुआ, अंबेडकर नगर निवासी मयंक सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर ली है।पुलिस को दी तहरीर में युवाओं ने बताया हैं कि उसकी मयंक सिंह से बातचीत होती थी। आरोप है कि 14 अगस्त 2023 को मयंक ने उसे मम्फोर्डगंज स्थित टेम्पटेशन होटल में मिलने के लिए बुलाया। युवती का आरोप है कि वहां उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए। तहरीर के अनुसार जब उसने इस घटना की शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह लगातार शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा और उससे मिलता रहा। युवती द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार आरोपी ने युवती को डराया–धमकाया और उससे करीब ढाई लाख रुपए अपने बैंक खाते में मंगवाए। युवती का कहना है कि 20 फरवरी 2026 को मयंक ने लिखकर भी दिया था कि वह उससे शादी करेगा। इसके बावजूद बाद में आरोपी शादी से मुकर गया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी अब लगातार फोन कर उसे धमका रहा है। आरोप है कि मयंक ने शिकायत करने पर जान से मरवाने की धमकी दी और कहा कि वह उससे शादी नहीं कर सकता।

तहरीर में युवती ने आरोपी पर उसका जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कर्नलगंज पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। पुलिस बैंक खातों में हुए लेनदेन, दोनों के बीच हुई बातचीत और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करेगी।

मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा राष्ट्रसेवा और सुशासन के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी यात्रा -केशव प्रसाद मौर्य

प्रयागराज,लखनऊ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा यात्रा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' के तहत प्रयागराज में आयोजित 'सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना और बाद में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा को राष्ट्रहित, जनकल्याण, सुशासन और सेवा के प्रति निरंतर समर्पण की प्रेरणादायी यात्रा बताया।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में देशवासियों के दिलों में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी कार्यशैली, संवेदनशीलता और जनसेवा के संकल्प से करोड़ों देशवासियों का विश्वास अर्जित किया है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन में देशहित के लिए दिए गए आह्वान को सभी को अपना संकल्प बनाकर आगे बढ़ाना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखा है। गरीबों को आवास, शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, बिजली, बैंक खाते और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और जनसेवा का ऐसा अध्याय है, जिसने देश की विकास यात्रा को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिया है। आज भारत वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान बना रहा है। अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गांव, गरीब और किसान को विकास की धुरी बनाकर सरकार आगे बढ़ रही है।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के संकल्पों को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश में कानून–व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं, निवेश, रोजगार, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और विकसित उत्तर प्रदेश के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।उप मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा से प्रेरणा लेकर सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनकी 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा यह संदेश देती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, ईमानदार प्रयास और राष्ट्रहित की भावना से बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

मौसम बदलने के साथ बढ़े हेपेटाइटिस-ए के मरीज डाक्टर ने दी सावधानी बरतने की सलाह

प्रयागराज। करेली स्थित 60 फीट रोड पर नेचर्स जाहिदा रफात हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. कुदरत उल्ला ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ हेपेटाइटिस यानी लीवर में सूजन से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। खास तौर पर हेपेटाइटिस–ए के मरीज अधिक देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने लोगों से साफ–सफाई और खान–पान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

डॉ. कुदरत उल्ला ने बताया कि हेपेटाइटिस–ए एक वायरल बीमारी है, जो ह्ट (हेपेटाइटिस–ए वायरस) के संक्रमण के कारण होती है। आमतौर पर इसके अधिकांश मामले समय के साथ स्वयं ठीक हो जाते हैं, लेकिन लापरवाही बरतने पर कुछ मरीजों में बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। ऐसी स्थिति में लीवर को गंभीर नुकसान पहुंचने के साथ लीवर फेलियर का खतरा भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि समय पर बीमारी की पहचान और उचित उपचार मिलने पर गंभीर स्थिति से उबरना संभव है, जबकि कुछ गंभीर मामलों में लिवर ट्रांसप्लांट तक की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस–ए मुख्य रूप से फीकल–ओरल रूट यानी मल–मूत्र से संक्रमित भोजन या पानी के सेवन से फैलता है। दूषित पानी पीने, संक्रमित या खुले में रखा खाना खाने तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ साफ किए बिना भोजन करने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

पीएसी में जवानों के लिए तनाव प्रबंधन एवं प्रेरणा कार्यशाला आयोजित

प्रयागराज। 04वीं वाहिनी पीएसी, प्रयागराज में जवानों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य, कार्यक्षमता तथा मनोबल को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से श्तनाव प्रबंधन एवं प्रेरणाश विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (आईपीएस) की उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यशाला के दौरान सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र ने जवानों से संवाद करते हुए पुलिस व सुरक्षा बलों की चुनौतीपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण ड्यूटी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखने पर विशेष बल दिया।

पूर्णाहुति यज्ञ के साथ हुआ श्री मद्भागवत भक्ति ज्ञान यज्ञ कथा का समापन

प्रयागराज। प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज के द्वारा श्री ज्ञान पुस्तकालय के प्रांगण में चल रहे भागवत कथा की विश्राम दिवस पर पूज्य बटुक महाराज ने विधि विधान पूर्वक भागवत कथा का हवन यज्ञ का मंत्रों जाप किया । इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने सपरिवार श्री मद् भागवत कथा की पूर्ण आहुति यज्ञ किया और जन कल्याण की कामना करते हुए आहुति डाली।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर चारों धाम के देवता बद्रीनाथ, जगन्नाथ, द्वारकानाथ, रामेश्वरमनाथ जी का पूजन किया गया। इस अवसर विशाल भंडारे का प्रसाद आयोजन किया गया। महापौर ने भक्तों को प्रसाद वितरित किए।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा देश - आकांक्षा सोनकर

सीटी क्लब मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब

मीरजापुर । भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के लोकप्रिय एवं यशस्वी जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में बुधवार को सिटी क्लब मीरजापुर के मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम



में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी ध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला । उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण, राष्ट्र की मजबूती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बढ़ाने के संकल्प को दोहराया गया । सभा के दौरान देश के लोकप्रिय, जनप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पूरे उत्साह के साथ देखा और सुना । प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान कार्यक्रम स्थल पर लगातार उत्साह और जोश का वातावरण बना रहा । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि मीरजापुर का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सेवा, सुशासन और संगठन के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प है । विशिष्ट अतिथि भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित रूप से साकार होगा । उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा सरकार की उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया । मुख्य अतिथि आकांक्षा सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है । विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं । कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष गौरव ऊमर रहे ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्रा, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, उत्तर कुमार मौर्य, दिनेश तिवारी, बालेन्दुमणि त्रिपाठी सहित भाजपा के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में हुआ 'सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन।

सुलतानपुर,सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में सेवा, जनजागरूकता, सामाजिक सहभागिता एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को तिकोनिया पार्क, सुलतानपुर में 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। सेवा एवं समर्पण की भावना को जन–जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मा0 जिलाप्रभारी भाजपा बृज भूषण सिंह, मा0 भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, मा0 विधायक कादीपुर राजेश गौतम, मा0 विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका प्रवीण जायसवाल, मा0 सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग घनश्याम चौहान, कार्यक्रम प्रभारी आनन्द द्विवेदी, महामंत्री संदीप सिंह, विजय त्रिपाठी, अयोध्या वर्मा, जिला मंत्री दिनेश चौरसिया, समस्त ब्लाक प्रमुख, प्रतिनिधि विधायक लम्भुआ सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं आमजन द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। सजीव प्रसारण के दौरान उपस्थित लोगों ने मा0 प्रधानमंत्री जी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा सेवा एवं सामाजिक दायित्व की भावना को और अधिक मजबूत करने का संदेश प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर लोगों में विशेष उत्साह एवं सहभागिता का वातावरण रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुआ। राष्ट्रगीत के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा सेवा एवं सामाजिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही जनकल्याणकारी कार्यों को व्यापक रूप दिया जा सकता है। सेवा की भावना केवल किसी एक कार्यक्रम तक सीमित न रहकर निरंतर सामाजिक दायित्व के रूप में आगे बढ़े, इसी उद्देश्य के साथ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सेवा ज्योति यात्रा के शुभारंभ की तैयारी की गई। अतिथिगण द्वारा कलश एवं मशाल प्रज्ज्वलित कर 'सेवा ज्योति यात्रा' का शुभारंभ किया गया। कलश एवं मशाल के साथ निकली यात्रा ने सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। यात्रा में शामिल प्रतिभागियों द्वारा सेवा एवं सामाजिक दायित्व से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। 'सेवा ज्योति यात्रा' तिकोनिया पार्क से प्रारंभ होकर गंदा नाला होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के निर्धारित मार्ग पर बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान सेवा, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया गया।

यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। प्रतिभागियों ने सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ यात्रा में सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश को आगे बढ़ाया। यात्रा के दौरान सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक सहयोग पहुंचाने तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। सेवा, सहयोग, समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता जैसे मूल्यों को अपनाकर जनकल्याण के कार्यों को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है।

चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर सपा का प्रदर्षन

जौनपुर । कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सपाई दीवानी चौराहे से करीब एक किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो और वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाए।सपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह को सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कथित असंवैधानिक कार्यों के लिए पद से हटाया जाए। साथ ही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की।उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से बाहर न हो। सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिलना चाहिए और मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े जाएं। उन्होंने भविष्य में देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की भी मांग की। धरने के दौरान सपा कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। पुतला छोड़ने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। सपा का एक कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का रूप धारण कर शूट पहनकर मौके पर पहुंचा। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उसे कान पकड़कर उठक–बैठक कराई। उसने कहा कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी और उसने माफी मांगी। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों के उग्र होने की स्थिति को देखते हुए सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने पुलिस लाइन से पीएसी और जिले की ब्लैक कमांडो टीम को बुलाया।

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा

जौनपुर। प्रीमियर लीग (जीपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय का वास्तविक जीवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। हम चाहते हैं कि विद्यार्थी यहां से केवल जीतने की भावना लेकर न जाएं, बल्कि सहयोग, अनुशासन और एक–दूसरे का सम्मान करना भी सीखें।कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फार्मेसी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे। बैठक में प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, आदि व आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

अब तक 19 मलेरिया के मरीज मिले

जौनपुरं। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि ब्लॉक करंजाकला के सैदपुर गड़उर ग्राम में एक नए मरीज मिलने से जनपद में ज अब तक मलेरिया के कुल मरीजों की संख्या 19 हो चुकी है जिसमें से 18 स्वस्थ हो चुके है एक का इलाज चल रहा है, किसी की भी मृत्यु मलेरिया से नहीं हुई है। सभी केस के सापेक्ष निरोधात्मक कार्यवाही संपादित की जा चुकी है। ग्राम सैदपुर में मरीज के घर जिला मलेरिया अधिकारी की टीम अशोक कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में भ्रमण कर क्षेत्रीय आशा के सहयोग से फीवर सर्वे, ब्रीडिंग सोर्स सर्वे, सोर्स रिडक्शन, स्वास्थ्य शिक्षा, प्रचार प्रसार, पोस्टर पेस्टिंग, पैम्फलेट वितरण, एंटी लार्वा रसायन स्प्रे आदि कार्य संपादित कराए गए। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फलने वाला एक संक्रामक रोग है जिसका परजीवी प्लाज्मोडियम नामक एक सूक्ष्मजीव होता है।मलेरिया का मच्छर रुके हुए साफ,कम गंदे पानी में प्रजनन करता है और अंधेरे, नम,छायादार,गंदे स्थानों में रहता है और रात में काटता है। अधिकारी ने बताया कि मलेरिया में ठंडक, कंपकपी लग कर तेज बुखार आता है यकृत, प्लीहा में वृद्धि हो जाती है भूख में कमी,खून में कमी, कमजोरी, उल्टी मितली आदि लक्षण आते हैं जांच उपचार में देरी पर यह जानलेवा भी हो सकता है।अतः उपर्युक्त लक्षण दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना निःशुल्क जांच उपचार कराएं। मलेरिया के जांच उपचार हेतु आवश्यक दवाएं, जांच किट आदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर,समस्त सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपलब्ध है। ग्राम स्तर पर मलेरिया का सर्वे,जन जागरूकता, प्रचार प्रसार भी आशा द्वारा नियमित रूप से कराया जा रहा है।समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर मलेरिया जांच कराई जा रही है ।

मण्डलायुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संग प्रशासनिक भवन में बैठक कर शारदीय नवरात्र मेला की तैयारियों की समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

नवरात्र मेला सम्बन्धित सभी कार्य प्रत्येक दशा में मेला से पूर्व कराएं पूर्ण, किसी प्रकार शिथिलता बर्दाश्त नहीं - मण्डलायुक्त

मीरजापुर।मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 10ध्11 अक्टूबर 2026 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले 09 दिवसीय शारदीय नवरात्र मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम ने विन्ध्याचल प्रशासनिक भवन में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित मेला तैयारियों से सम्बन्धित सभी अधिकारियों की बैठक कर समीक्षा की।



समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र मेला में आने वाले यात्रियों, दर्शनार्थियों को सुचारू ढंग से मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन हो सके तथा मेला में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाने वाले जनोपयोगी सुविधाओं को मेला प्रारम्भ होने के पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मात्र ड्यूटी समझकर कार्य न करके बल्कि मां के धाम में सेवा भाव के रूप में कार्य करें ताकि किसी को यहां पर असुविधा न होने पाए।

सड़क एवं मार्गों की स्थितिध्मरम्मत में मण्डलायुक्त ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जिला पंचायत परिषद, जिस विभाग को जो सड़क व गली हो उसे समुचित मरम्मत एवं आवागमन के योग्य बनाया जाए। वर्तमान में यदि कहीं खोदाई व निर्माण कार्य हो रहा हो तो उसे तत्काल बन्द कर आवागमन हेतु सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र की सड़कों, गलियों एवं सम्पर्क मार्गों से दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए, किसी के द्वारा दुकान के सामने प्लास्टिक पन्नी आदि मार्ग पर नहीं लगाया जाएगा। मंडलायुक्त ने प्रोजेक्ट मैनेजर एन एच आई को मीरजापुर व विंध्याचल के हाई–वे मार्ग को सही करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि 10 अक्टूबर तक प्रत्येक दशा में सही करें अन्यथा निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सभी गलियों, नालियों, नालों, सड़कों की सफाई का कार्य अभी से अभियान चलाकर सम्पादित कराएं तथा पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कूड़ेदानध डस्टबिन आदि लगवाया जाए। मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की दुर्गंध न हो, इसके लिए चूना, ब्लीचिंग आदि का छिड़काव कराया जाए। घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए युद्ध स्तर पर सफाई पूर्ण किया जाए तथा पूरे मेला अवधि में सफाई अभियान 24 घण्टे चलाया जाए। विन्ध्याचल स्थित समस्त स्थायी व अस्थायी शौचालयों की सफाई कराते हुए उन पर रेट लिस्ट लगाई जाए। घाटों पर जहां पानी का जल स्तर अधिक हो आवश्यकतानुसार मजबूत बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु इनक्लोजर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति से निपटने हेतु प्रत्येक घाट पर गोताखोर, नाव की व्यवस्था तथा गंगा नदी के उस पार भी गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिला पंचायत परिषद द्वारा मोटरबोट आदि की व्यवस्था भी कराई जाए। बैठक में विद्युत व प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा के दौरान नेशनल हाईवे से कालीखोह तक, नेशनल हाईवे से विन्ध्यवासिनी मन्दिर व अष्टभुजा तक तथा त्रिकोण मार्ग के अलावा पहाड़ी क्षेत्र के खाली स्थानों पर भी समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। मेला क्षेत्र का कोई भी हाई मास्क खराब न रहे, इसकी जांचध्परीक्षण करते हुए यदि कहीं खराब हो तो मरम्मत करा लिया जाए। तीनों मन्दिरों व गर्भ गृह, हवन कुण्ड, घाट आदि स्थलों पर सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा के द्वारा जांचध्परीक्षण कर रिपोर्ट नगर मजिस्ट्रेटध्मेला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दी जाए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। विन्ध्याचल क्षेत्र में अनवरत 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यात्रियों के पेयजल व्यवस्था हेतु जल निगम नगरीय व ग्रामीण एवं नगर पालिका द्वारा पेयजल की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

बैठक में आवारा पशुओं की रोकथाम, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की व्यवस्था, सफाई, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विन्ध्याचल में अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव, आने वाली गाड़ियों के मध्य 30 मिनट का अंतराल रखने, रैन बसेरा बनाने, पूछताछ केन्द्र व अतिरिक्त टिकट घर की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। बैठक में पार्किंग की व्यवस्था के सम्बंध में निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र के सभी वाहन स्टैण्ड को शर्तों के अधीन ही अनुमति दी जाए।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि शारदीय नवरात्र मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात एवं सुचारू आवागमन के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रूट डायवर्जन, वाहनों के प्रवेश एवं निकासी, बैरियर तथा यातायात प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नो एंट्री जोन के तहत अनुमन्य वाहनों को ही प्रवेश दिया जाए। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पूरे मेला व्यवस्था अधिकारियों की तैनाती आदि के बारे में तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 विनोद कुमार सिंह, वन संरक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कीर्ति कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, अध्यक्ष पंडा समाज पंकज द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत, आर0ई0एस0 सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यशवीर सिंह होंगे जौनपुर के नये पुलिस अधीक्षक

जौनपुर। शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल में डॉ. यशवीर सिंह जौनपुर के नए पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं जबकि कुंवर अनुपम सिंह को पीएसी लखनऊ मुख्यालय भेज दिया गया है। डॉ. यशवीर सिंह इसके पूर्व बस्ती जिले में बतौर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे। इसके अलावा वह रायबरेली में एसपी रह चुके हैं। जिले में उनसे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, कानून–व्यवस्था को और मजबूत करने तथा आम जनता के साथ पुलिस के संवाद को बेहतर बनाने की अपेक्षा की जा रही है। एसपी डॉ. यशवीर सिंह मूल रूप से उत्तराखंड के निवासी हैं। उत्तराखंड के रहने वाले वाले 01 जुलाई 1987 को जन्में डॉ. यशवीर सिंह ने पशु चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई की है। ट्रेनिंग के बाद वह एसडीआरएफ के सेनानायक थे। इसके बाद उन्हें जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इसके बाद उन्होंने सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, रायबरेली और बस्ती जिलों में पुलिस कप्तान की भूमिका निभाई।

कलश उद्घाटन के बाद रवाना हुई यात्रा

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा ज्योति यात्रा भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी रहे। संचालन कार्यक्रम के संयोजक और जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्र ने की। राष्ट्रगान के पश्चात मंचस्थ अतिथियों द्वारा चौराहे पर स्थापित पवित्र कलश का विधिवत उद्घाटन किया गया। यात्रा हाई डील चौराहे से प्रस्थान कर यात्रा अम्बेडकर चौराहे पहुँची इसके पश्चात यात्रा कलेक्ट्रेट तिराहे से आगे बढ़ते हुए लाइन बाजार तिराहे से गुजरी तत्पश्चात यात्रा खरका कॉलोनी होते हुए अपने प्रारंभिक स्थल पुनः हाई डील चौराहे पर पहुँचकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जन–सेवा के प्रति समर्पित है और श्सेवा ज्योति यात्राश् के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवा भाव की अलख घर–घर तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है।राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि संगठन की रीढ़ हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं श्सेवा ज्योति यात्राश् के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता और विकास पहुँचाने का संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियाँ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँची हैं श्सेवा ज्योति यात्राश् का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच जाकर सेवा भाव को और अधिक सशक्त बनाना तथा सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को जन–जन तक पहुँचाना है। रमेश चंद्र मिश्र रमेश सिंह सीमा द्विवेदी कृपा शंकर सिंह सुषमा पटेल मनोरमा मौर्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह अमित श्रीवास्तव परविंदर चौहान नीरज मौर्य विकास शर्मा अंशु कुशवाहा धर्मेन्द्र मिश्र आमोद सिंह अमरनाथ पांडेय रामसूरत मौर्य रोहन सिंह घनश्याम यादव एवं जिले के सम्मानित पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

सर्विसलेन के फुटपाथ पर झाड़ियों का कब्जा, राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल

बल्दीरायध्सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जुड़ी सर्विसलेन पर राहगीरों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बने फुटपाथ पर इन दिनों जंगली झाड़ियों ने कब्जा जमा लिया है। हरौरा बाजार से भरसड़ा होते हुए मायंग तक सर्विसलेन के दोनों किनारों पर जंगली बबूल समेत विभिन्न प्रकार की झाड़ियां इस कदर फैल गई हैं कि कई स्थानों पर पैदल चलने की जगह तक सीमित हो गई है। इसके बावजूद संबंधित विभागीय जिम्मेदारों की ओर से झाड़ियों की कटाई और फुटपाथ की सफाई को लेकर कोई ठोस पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र–छात्राओं के अलावा ग्रामीण, मजदूर और अन्य राहगीर आवागमन करते हैं। फुटपाथ झाड़ियों से घिरने के कारण पैदल यात्रियों को मजबूरन सर्विसलेन के मुख्य हिस्से में चलना पड़ रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर पैदल चलना कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। खासकर सुबह और शाम के समय विद्यार्थियों की आवाजाही अधिक होने से जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब सर्विसलेन और फुटपाथ का निर्माण राहगीरों की सुरक्षित आवाजाही के लिए किया गया है तो उसकी नियमित साफ–सफाई और झाड़ियों की कटाई की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है । क्या संबंधित विभाग के अधिकारियों ने लंबे समय से इस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया .? यदि निरीक्षण हुआ है तो समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई क्यों नहीं की गई?सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसी हादसे के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी या उससे पहले ही फुटपाथ को अतिक्रमणमुक्त कर सुरक्षित बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल झाड़ियों की कटाई, फुटपाथ की सफाई और नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

'उप मुख्यमंत्री ने सीएमओ डा. भारत भूषण को किया सम्मानित'

लखनऊ सुल्तानपुर। आयुष्मान भारतदृप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के 8 वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 अक्टूबर 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मार्सऑडिटोरियम में 'आयुष्मान संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सुल्तानपुर को जनसंख्या के सापेक्ष ABHA सैचुरेशन के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुल्तानपुर डॉ. भारत भूषण को सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के चिकित्सा संस्थानों एवं स्वास्थ्य इकाइयों को ।ठभ। आधारित पंजीकरण, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तथा इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (EHR) से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जनसंख्या के अनुपात में ।ठभ। निर्माण के लक्ष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुल्तानपुर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने इस उपलब्धि का श्रेय जनपद के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा, एएनएम सहित पूरी स्वास्थ्य विभागीय टीम के सामूहिक एवं समन्वित प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि जनपद में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे तथा अधिक से अधिक नागरिकों को ।ठभ। से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

सीएचसी के गेट पर गड्ढे, गंदगी से परेशानी

जौनपुर। केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर बने गड्ढे और अस्पताल परिसर के आसपास फैली गंदगी से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य गेट के पास सड़क पर जगह–जगह गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खराब हो जाती है।सीएचसी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इलाज और जांच के लिए प

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

क्या देश में मोदी विरोधी लहर शुरु हो चुकी है? अगर आज चुनाव हुए तो क्या परिणाम हो सकते हैं?

सरकार और भारतीय जनता पार्टी के लिए आज का दिन स्वाभाविक रूप से उपलब्धियों को गिनाने का दिन है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नरेंद्र मोदी के पच्चीस वर्ष के शासन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उनके गुजरात के मुख्यमंत्रित्व और केंद्र की तीन लगातार सरकारों को सार्वजनिक विश्वास का प्रमाण बताया है। आज जब नरेंद्र मोदी सरकार के मुखिया के रूप में लगातार पच्चीस साल पूरे कर रहे हैं, तब भारतीय राजनीति की एक बेहद दिलचस्प और महत्वपूर्ण तस्वीर सामने आ रही है। सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सरकार की कमान संभालने वाले नरेंद्र मोदी ने पहले गुजरात और फिर देश की सत्ता का नेतृत्व करते हुए बिना किसी अंतराल के पच्चीस वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह अपने आप में भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की असाधारण राजनीतिक यात्रा है। इस अवसर पर सत्ता पक्ष इसे नेतृत्व, सेवा, विकास और निरंतर जनविश्वास की उपलब्धि के रूप में देख रहा है, तो दूसरी ओर विपक्ष ठीक इसी समय चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता, मतदाता सूची और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सरकार और चुनाव आयोग को घेर रहा है। यानी नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा के पच्चीसवें वर्ष का यह पड़ाव उस समय आया है जब सत्ता के सामने सबसे बड़ा सवाल शायद विपक्ष की ताकत का नहीं, बल्कि संस्थाओं और जनविश्वास का है।देखा जाये तो सरकार और भारतीय जनता पार्टी के लिए आज का दिन स्वाभाविक रूप से उपलब्धियों को गिनाने का दिन है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नरेंद्र मोदी के पच्चीस वर्ष के शासन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उनके गुजरात के मुख्यमंत्रित्व और केंद्र की तीन लगातार सरकारों को सार्वजनिक विश्वास का प्रमाण बताया है। सरकार की ओर से कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल व्यवस्था, आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और तकनीकी उपलब्धियों को इस लंबे सफर की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भी इस अवसर को सेवा और राष्ट्रहित के भाव से जोड़ा है।लेकिन राजनीति सिर्फ उपलब्धियों की सूची से नहीं चलती। देश की राजनीति का दूसरा चेहरा भी उतनी ही ताकत से दिखाई दे रहा है। छह अक्टूबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में प्रदर्शन किया। संसद से चुनाव आयोग की ओर बढ़ते विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका, जिसके बाद धरना, हिरासत और राजनीतिक टकराव की तस्वीरें सामने आईं। राहुल गांधी का बैरिकेड पर चढ़ना और "ज्ञानेश, इट्स डन ब्रो" जैसी युवा शैली की भाषा सोशल मीडिया पर तेजी से फैली। इस पूरे घटनाक्रम ने चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विवाद को अचानक देश की राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया।

विपक्ष इस पूरे विवाद को केवल मतदाता सूची की तकनीकी प्रक्रिया नहीं मान रहा। उसके लिए यह लोकतंत्र, मताधिकार और चुनावी निष्पक्षता का सवाल है। कांग्रेस और उसके सहयोगी आरोप लगा रहे हैं कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने से नागरिकों के मतदान अधिकार पर असर पड़ सकता है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रहा है और इस पूरे मामले को व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदलने की कोशिश कर रहा है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि कांग्रेस लगातार चुनाव हारने के बाद चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रही है और उसे अपनी राजनीतिक कमजोरी का जिम्मेदार संस्थाओं को बनाने के बजाय जनता का विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए। भाजपा का यह भी सवाल है कि जिस चुनावी व्यवस्था के माध्यम से विपक्ष कई राज्यों में जीत हासिल करता रहा, उसी व्यवस्था को अपनी हार के बाद अविश्वसनीय कैसे कहा जा सकता है।यहीं से इस समय की राजनीति का सबसे बड़ा द्वंद्व सामने आता है। विपक्ष का सवाल है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठे तो लोकतंत्र कैसे सुरक्षित रहेगा? सत्ता पक्ष का सवाल है कि बिना निर्णायक प्रमाण के चुनावी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने से क्या लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा ही कमजोर नहीं होगा? दोनों पक्ष अपने–अपने तर्क रख रहे हैं, लेकिन एक तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर बहस अब महज विपक्षी भाषण नहीं रह गई है। हालांकि इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि विपक्ष के सारे आरोप सिद्ध हो चुके हैं। चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठना एक बात है और "चुनाव चोरी सिद्ध हो जाना" दूसरी बात है।शायद यही वह बिंदु है जहां से आम जनता और राजनीतिक विमर्श के बीच अंतर दिखाई देता है। राजनीति की दुनिया में इस समय प्, चुनाव आयोग और ज्ञानेश कुमार सबसे बड़ा मुद्दा दिखाई दे रहे हैं। समाचार चौनलों और सोशल मीडिया पर भी यही सबसे अधिक दिखाई दे रहा है। लेकिन जब हम व्यापक जनमत संकेतकों को देखते हैं तो तस्वीर कुछ अलग है। सितंबर 2026 के ताजा इप्सॉस सर्वेक्षण में सात में से लगभग सात भारतीयों ने माना कि देश सही दिशा में जा रहा है और करीब आठ में से आठ ने वर्तमान आर्थिक स्थिति को सकारात्मक माना है। लेकिन उसी सर्वेक्षण में बेरोजगारी भारत की सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। यानी देश के भविष्य को लेकर आशावाद मौजूद है, मगर नौकरी और अवसर को लेकर बेचौनी भी उतनी ही वास्तविक है। यही भारतीय जनमत की वर्तमान जटिलता है। जनता का एक बड़ा हिस्सा यह मान सकता है कि देश आगे बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था टिकाऊ है, बुनियादी ढांचे में बदलाव आया है और भारत की वैश्विक स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन उसी व्यक्ति के घर में नौकरी, आमदनी, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा की चिंता भी हो सकती है। सितंबर में शहरी उपभोक्ता विश्वास में भी सुधार आया और भारत का उपभोक्ता विश्वास सूचकांक बढ़ा। इसका मतलब यह हुआ कि आर्थिक तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैय फिर भी रोजगार सबसे बड़ा चिंता का विषय बना हुआ है।इससे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के सामने असली राजनीतिक प्रश्न भी स्पष्ट होता है। चुनौती केवल यह नहीं है कि विपक्ष कितना आक्रामक है। चुनौती यह है कि सरकार आर्थिक उपलब्धियों और बड़े राष्ट्रीय लक्ष्यों की कथा को आम नागरिक की रोजमर्रा की जिंदगी से कितना जोड़ पाती है। जब विकास का अर्थ सड़क, रेल, डिजिटल भुगतान और वैश्विक प्रतिष्ठा से आगे बढ़कर नौकरी, स्थिर आय और युवा के भविष्य में दिखाई देने लगेगा, तभी सरकारी उपलब्धियों का राजनीतिक असर और गहरा होगा।साथ ही नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत नेतृत्व को लेकर तस्वीर अभी भी पूरी तरह बदलती हुई नहीं दिखती। अगस्त 2026 के इंडिया टुडे–सी वोटर सर्वेक्षण में 48.7 प्रतिशत लोगों ने मोदी को अगले प्रधानमंत्री के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प माना। हालांकि जनवरी के मुकाबले उनके समर्थन में कुछ कमी आई है। इस गिरावट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन इसे सीधे मोदी विरोधी लहर भी नहीं कहा जा सकता। दूसरी ओर, राहुल गांधी अभी तक उस राजनीतिक बढ़त को हासिल नहीं कर पाए हैं, जो मोदी के समर्थन में कमी आने पर उन्हें स्वाभाविक रूप से मिल सकती थी। यानी मोदी की राजनीतिक ताकत अभी भी बनी हुई है, लेकिन उसमें एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाई दे रहा है। पहले मोदी को लेकर बहस अक्सर इस बात पर केंद्रित रहती थी कि उनके मुकाबले कौन है? अब बहस का एक हिस्सा इस बात पर भी केंद्रित होने लगा है कि सरकार और संवैधानिक संस्थाएं जनता का विश्वास कितना कायम रख पा रही हैं? यही बदलाव आगे चलकर महत्वपूर्ण हो सकता है। सोशल मीडिया



पर भी इस समय राजनीति का यही दोहरा चेहरा दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी के प्रदर्शन के वीडियो और उनके अंदाज को उनके समर्थक पसंद कर रहे हैं, जबकि विरोधी इसे राजनीतिक दिखावा बता रहे हैं। भाजपा भी सोशल मीडिया के जरिए इसका जवाब दे रही है। यानी सोशल मीडिया ने राजनीतिक बहस को जरूर ज्यादा तेज और आक्रामक बना दिया है, लेकिन वहां दिखाई देने वाली प्रतिक्रियाओं को पूरे देश की राय मान लेना ठीक नहीं होगा। सोशल मीडिया पर वही आवाज ज्यादा सुनाई देती है, जिसके पीछे बड़ी संख्या में सक्रिय और भावनात्मक समर्थक हों। इसलिए सोशल मीडिया का शोर यह तो बताता है कि किसी मुद्दे पर बहस कितनी तेज है, लेकिन यह नहीं बताता कि जनता का बड़ा हिस्सा वास्तव में क्या सोच रहा है।इस पूरे परिदृश्य में युवाओं की बेचौनी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कॉकरोच जनता पार्टी जैसे युवा केंद्रित आंदोलनों और उनसे जुड़ी डिजिटल राजनीति ने यह दिखाया है कि एक नया राजनीतिक असंतोष उभर रहा है जो जरूरी नहीं कि सीधे कांग्रेस या भाजपा की पारंपरिक राजनीति में समा जाए। रोजगार, परीक्षा व्यवस्था, अवसर और संस्थागत निष्पक्षता जैसे मुद्दे इस नई पीढ़ी को प्रभावित कर रहे हैं। यह नाराजगी अभी किसी एक पार्टी के पक्ष में संगठित नहीं हुई है, लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं होगा।इसलिए आज की भारतीय राजनीति को अगर एक वाक्य में समझना हो तो तस्वीर यह है कि नरेंद्र मोदी का जनाधार टूटा नहीं है, मगर उनके नेतृत्व के इर्द–गिर्द सवालों की प्रकृति बदल रही है। व्यक्तिगत लोकप्रियता अभी मजबूत है, सरकार की उपलब्धियों का नैरेटिव अभी जीवित और प्रभावी है, देश की आर्थिक दिशा को लेकर आशावाद भी मौजूद हैय लेकिन रोजगार की चिंता, युवा असंतोष और चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल एक नया दबाव पैदा कर रहे हैं। मोदी के लिए असली चुनौती विपक्ष की किसी एक रैली से नहीं, बल्कि इन अलग–अलग चिंताओं के एक साथ जुड़ जाने से पैदा हो सकती है।फिलहाल स्थिति को "मोदी विरोधी लहर" कहना अतिशयोक्ति होगी। लेकिन यह कहना भी गलत होगा कि जनता के भीतर कोई बेचौनी नहीं है। बेचौनी है, सवाल हैं, संस्थाओं को लेकर आशंका है और युवाओं में अवसर को लेकर अधीरता है। साथ ही देश के बड़े हिस्से में स्थिरता, आर्थिक दिशा और प्रधानमंत्री के नेतृत्व को लेकर भरोसा भी कायम है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारतीय मतदाता इस समय न तो पूरी तरह नाराज होकर सत्ता से विमुख दिखाई दे रहा है और न ही आंखें बंद करके संतुष्ट है। यही नरेंद्र मोदी के पच्चीसवें वर्ष की सबसे बड़ी राजनीतिक सच्चाई है। यहां यह भी सवाल उठता है कि देश में आज चुनाव हों तो क्या होगा? उपलब्ध ताजा राष्ट्रीय जनमत संकेतक सरकार के लिए चेतावनी जरूर देते हैं लेकिन उसके लिए खतरे का संकेत नहीं दे रहे। अगस्त 2026 के इंडिया टुडे–सी वोटर सर्वेक्षण के मुताबिक आज लोकसभा चुनाव होने पर भाजपा को 261 और एनडीए को 326 सीटें मिल सकती हैं, जबकि इंडिया गठबंधन 185 सीटों तक पहुंच सकता है। यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत से नीचे रहेगी, लेकिन एनडीए फिर भी आराम से सरकार बनाने की स्थिति में रहेगा। बहरहाल, मोदी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनका व्यक्तिगत नेतृत्व और जनता के एक बड़े हिस्से से बना सीधा राजनीतिक जुड़ाव है। लेकिन आने वाले वर्षों में उनकी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि विकास, लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, रोजगार और युवाओं के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों का सरकार कितना ठोस और भरोसेमंद जवाब दे पाती है। सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूरे होने पर नरेंद्र मोदी ने 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा है, "वी विल डू इट।" यह नारा आने वाले भारत के लिए उनके बड़े लक्ष्य और राजनीतिक आत्मविश्वास को दर्शाता है।

सम्पादकीय

आम इनसान की सेहत के साथ खिलवाड़

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अगर धतूरे जैसे प्रतिबंधित बीज, और भ्रामक दावों वाले खाद्य पदार्थ खुलेआम बिक रहे हों, तो उसे सीधे तौर पर आम इनसान की सेहत के साथ खिलवाड़ ही समझा जा सकता है।

अमेजन, स्विजी, इंस्टामार्ट, बिग–बास्केट आदि जैसी दिग्गज ई–कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की कार्रवाई को एक अति–आवश्यक कदम माना जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अगर धतूरे जैसे प्रतिबंधित बीज, और भ्रामक दावों वाले खाद्य पदार्थ खुलेआम बिक रहे हों, तो उसे सीधे तौर पर आम इनसान की सेहत के साथ खिलवाड़ ही समझा जा सकता है। डिलिवरी ऐप्स की संचालक कंपनियों को कोई समाज ऐसा आम जोखिम पैदा करने की इजाजत नहीं दे सकता। दरअसल, ये पूरा प्रकरण क्विक–कॉमर्स और ई–कॉमर्स कंपनियों की गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी खामियों को उजागर करता है। या यह भी कहा जा सकता है कि यह नियम–कानूनों के प्रति इन कंपनियों की लापरवाही की ठोस मिसाल है।

ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनियां अक्सर तर्क देती हैं कि वे सिर्फ इंटरमीडिएटरीय यानी विक्रेता एवं ग्राहक के बीच खरीद–बिक्री का माध्यम हैं। लेकिन, गौरतलब है कि ये कंपनियां धुआंधार विज्ञापनों से अपना ब्रांड मूल्य बनाती हैं, जिसका आधार खरीदारों का भरोसा है। इसलिए किसी ऐप पर हानिकारक पदार्थ बिकें, तो उसकी जवाबदेही प्लेटफॉर्म संचालक कंपनी की भी बनती है। अतरू यह अनिवार्य हो गया है कि किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाले उत्पादों की गुणवत्ता, उस पर लिखे दावों और अपनाए गए सुरक्षा मानकों के बारे में ऐप संचालक कंपनियों को भी जवाबदेह बनाया जाए। भ्रामक मार्केटिंग के जरिए कथित स्वास्थ्यवर्धक पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री का चलन हाल में काफी बढ़ा है। उपभोक्ताओं में सेहत के प्रति नई आई संवेदनशीलता का गलत फायदा अनेक कंपनियां उठा रही हैं। इसीलिए इसे रोकना अनिवार्य हो गया है।

एफएसएसएआई ने अपने ताजा कदम से यह स्पष्ट कर दिया है कि भ्रामक दावों के जरिए हानिकारक पदार्थों की मार्केटिंग दंडनीय अपराध है। बहरहाल, यह कार्रवाई महज एक शुरुआत है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के तेज गति से हुए प्रसार के मद्देनजर महज बिक्री रोकना या प्रतीकात्मक जुर्माना लगाना पर्याप्त नहीं होगा। बल्कि इसके लिए सख्त कानूनी प्रावधान लागू किए जाने चाहिए, ताकि ई–कॉमर्स क्षेत्र में उपभोक्ता सुरक्षा से कोई समझौता न हो। फिलहाल, एफएफएसएआई ने ऐसी शुरुआत की है, जिसे आगे ले जाने का दायित्व सरकार और संसद पर है।

सेवा की कहानी पक्के आवास ने एतवार दास की वर्षों पुरानी चिंता की दूर, बारिश में टपकती छत से मिली मुक्ति

एतवार दास बोलेकृअब बारिश में छत टपकने की चिंता नहीं, पक्के घर में परिवार के साथ खुशहाल जीवन सेवा संकल्प अभियान के तहत श्सेवा की कहानीय में जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आए बदलाव की तस्वीर सामने आ रही है। सरगुजा जिले के जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम रामपुर निवासी श्री एतवार दास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण वर्षों पुरानी परेशानी से राहत लेकर आई है। मजदूरी कर परिवार का जीवनयापन करने वाले एतवार दास लंबे समय तक अपने पिता के पुराने कच्चे मकान में रहे। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने और घर के सामान को बचाने की चिंता अब उनके जीवन का हिस्सा नहीं है। योजना के माध्यम से पक्का आवास मिलने के बाद उनका परिवार सुरक्षित और सुकून भरा जीवन जी रहा है।

बारिश आते ही बढ़ जाती थी परेशानी

एतवार दास बताते हैं कि उनके पिता का पुराना मिट्टी का मकान समय के साथ जर्जर हो गया था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण परिवार को काफी परेशानी होती थी। घर के भीतर पानी न आए और सामान खराब न हो, इसके लिए बारिश के दौरान लगातार चिंता बनी रहती थी।

दैनिक मजदूरी से होने वाली सीमित आय में परिवार की जरूरतें पूरी करना ही प्राथमिकता थी। ऐसे में पक्का मकान बनाना उनके लिए आसान नहीं था। नियमित आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण वे पुराने कच्चे मकान की मरम्मत कर किसी तरह परिवार के साथ जीवन गुजार रहे थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण से पूरा हुआ पक्के घर का सपनाप्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का लाभ मिलने के बाद एतवार दास के परिवार की वर्षों पुरानी समस्या दूर हुई। योजना के माध्यम से उनका पक्का आवास तैयार हुआ। अब बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने की चिंता नहीं रहती और परिवार को सुरक्षित आवास का सहारा मिला है।अपने पक्के घर को लेकर खुशी जाहिर करते हुए एतवार दास कहते हैं, पहले मेरे पिताजी का कच्चा मकान था और उसी में हम रहते थे। बारिश में बहुत पानी चूता था, जिससे बहुत परेशानी होती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण से मुझे पक्का मकान मिल गया है। अब मेरे को वह तकलीफ नहीं है और मेरा परिवार सुखी है।पक्का मकान बना सुरक्षा और सुकून का आधार एतवार दास के लिए पक्का आवास केवल एक मकान नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही चिंता और असुविधा से मिली राहत है। अब वे अपनी पत्नी के साथ सुरक्षित आवास में रह रहे हैं। बारिश के दिनों में घर और सामान को बचाने की चिंता से मुक्ति मिली है और परिवार के जीवन में स्थिरता आई है।

शिक्षा से समृद्धि छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के नए क्षितिज और बदलती तस्वीर

छत्तीसगढ़ की पावन धरा आज न केवल अपने प्राकृतिक संसाधनों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जानी जा रही है, बल्कि यह राज्य शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई अभूतपूर्व क्रांति का साक्षी बन रहा है। राज्य में उच्च शिक्षा अब केवल पारंपरिक ज्ञान अर्जन का माध्यम मात्र नहीं रह गई है, बल्कि यह प्रदेश के लाखों युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का एक सशक्त एवं टिकाऊ आधार बन चुकी है। राज्य सरकार ने श्सेवा का संकल्पश्च और श्सेवा आपके द्वारश्च के मूलमंत्र को धरातल पर उतारते हुए शिक्षा के मंदिर को हर उस गांव और सुदूर अंचल तक पहुँचाया है, जहाँ कभी उच्च शिक्षा पाना एक कठिन स्वप्न जैसा था। इस दूरदर्शी और संवेदनशील सोच का ही सुखद परिणाम है कि आज पूरे प्रदेश का उच्च शिक्षा परिदृश्य एक नई चेतना और श्सेवा कहानी कीश का नया स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है। वर्षों से चले आ रहे क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने के लिए सरकार ने विशेष प्राथमिकता के साथ वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना की है। केवल नए कॉलेज खोलना ही ध्येय नहीं रहा, बल्कि पहले से संचालित संस्थानों में नए संकायों, नवीन विषयों और अध्ययन सीटों का निरंतर विस्तार किया जा रहा है ताकि किसी भी मेधावी छात्र को अवसरों की कमी न महसूस हो। इसके साथ ही, उच्च शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढाँचे को एक नया और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। पुराने जीर्ण–शीर्ण भवनों का कायाकल्प करने के साथ–साथ आधुनिक वास्तुकला से युक्त नए परिसरों का निर्माण किया जा रहा है। विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक ज्ञान से जोड़ने के लिए उन्नत प्रयोगशालाएँ, समृद्ध ज्ञानकोश से युक्त पुस्तकालय और अत्याधुनिक ई–क्लासरूम जैसी डिजिटल सुविधाएँ परिसरों में स्थापित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण छात्र भी सीधे वैश्विक ज्ञान नेटवर्क से जुड़ पा रहे हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के समकक्ष लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का चरणबद्ध और सुनियोजित क्रियान्वयन किया जा रहा है। जुलाई 2024 से सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में इसे सफलतापूर्वक लागू करने के बाद, अब वर्ष 2025 से पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर और इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी एनईपी लागू कर दिया गया है। इसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए सत्र 2025–26 से चार वर्षीय बी. एड., प्राच्य संस्कृत और बीपीएड जैसे व्यावसायिक तथा विशिष्ट पाठ्यक्रमों को भी इसके दूरदर्शी दायरे में लाया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बहुविषयक और व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त हो सके।

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जीवन कौशल का विकास है। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा के तनाव और भविष्य की चिंताओं को दूर करने के लिए महाविद्यालयों में श्करियर एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठश स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों द्वारा निरंतर काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, शिक्षक–छात्र के आदर्श अनुपात को बनाए रखने के लिए नए पदों का सृजन किया जा रहा है और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के माध्यम से श्नैकश मूल्यांकन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अकादमिक कैलेंडर में खेलकूद, एन.एस.एस., एन.सी.सी. व योग जैसी गतिविधियों के समावेश से युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का बीजारोपण हो रहा है।

राज्य शासन की ये बहुआयामी और दूरदर्शी नीतियाँ बुनियादी ढाँचे, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसरों को एक साथ जोड़कर युवाओं के सपनों को नई उड़ान दे रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रांतिकारी प्रावधानों, सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर और समर्पित नेतृत्व के बल पर छत्तीसगढ़ का उच्च शिक्षा क्षेत्र आज अपने स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। श्सेवा संकल्प अभियानश के तहत उठाए गए ये ऐतिहासिक कदम न केवल वर्तमान पीढ़ी को संवार रहे हैं, बल्कि आने वाले कल के लिए ऐसे समर्थ, सजग और हुनरमंद नागरिकों का निर्माण कर रहे हैं जो वैश्विक मंच पर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम गर्व से रोशन करेंगे।

आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा। आप काम को बेहतर तरीके से करने में सक्षम होंगे।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज कारोबार में आपको बढ़िया धन लाभ होगा।

मिथुन राशि
आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप कुछ ऐसा करेंगे, जिससे आपके पड़ोसी भी आपकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पायेंगे।

कर्क राशि
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। आज आप निजी जीवन में चल रही समस्याओं को सुलझा लेंगे, आपका मन संतुष्ट होगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप नयी योजनाओं की शुरुआत करके भविष्य में बड़ा धन लाभ कमायेंगे।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आप बड़े भाई की मदद से अपना काम कम्पलीट करने में सफल रहेंगे। आज आपकी खोई हुई चीज वापस मिलने से आपको बहुत खुशी होगी।

तुला राशि
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको मेहनत का उचित फल मिलेगा , आपका मन प्रसन्न होगा।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आप जल्दबाजी में कोई भी काम करने से बचें

धनु राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होने वाले हैं , जिनका लाभ लेकर आप अपना भविष्य संवार सकते हैं।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आपको किसी वरिष्ठ व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा , जिनके मार्गदर्शन से आपकी तरक्की होना तय है।

कुंभ राशि
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप समय से अपने अधिकतर काम पूरे कर लेंगे

मीन राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगें , आपके व्यवहार की सभी प्रशंसा करेंगे। इस राशि के इंजीनियर आज अपने प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगें।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

वडनगर वाराणसी यात्रियों का राजकीय मेडिकल कश्लेज पहुंचने पर हुआ स्वास्थ्य परीक्षण,फल वितरण, वृक्षारोपण

आजमगढ़,(आर एन एस)सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) से कर्मभूमि वाराणसी तक जल, जन एवं सेवा संकल्प को समर्पित यात्रा का जनपद आजमगढ़ में दूसरे दिन भी विभिन्न निर्धारित स्थलों पर भव्य स्वागत किया गया। लोकसभा क्षेत्र आजमगढ़ एवं लालगंज के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजर रही यात्रा के दौरान जिला प्रशासन के साथ–साथ जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा के दूसरे दिन जनसंपर्क, स्वच्छता, वृक्षारोपण, मंदिरों में दर्शन–पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन, लाभार्थियों से संपर्क, स्वास्थ्य परीक्षण, मरीजों में फल वितरण, चौपाल तथा यात्रा के अनुभव साझा करने सहित विविधा सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, लाभार्थियों, सेवा यात्रियों तथा अधिकारियों–कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि को जोड़ने का संकल्पवडनगर से वाराणसी तक आयोजित यह यात्रा पवित्र जल के आदान–प्रदान के साथ प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि को भावनात्मक एवं सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। यात्रा का उद्देश्य मार्ग में पड़ने वाले गांवों एवं शहरों में सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर सहज जनसंवाद स्थापित करना भी है।यात्रा के अंतर्गत वाराणसी से 250 बाइक एवं लगभग 500 यात्री गंगाजल लेकर वडनगर गए तथा अब वडनगर से वाराणसी लौट रहे हैं। प्रत्येक टोली के साथ आधुनिक एलईडी वाहन, प्रचार सामग्री एवं संवाद टीम भी चल रही है, जिसके माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है।यात्रा के दौरान गुजरात की पवित्र नदियों एवं शर्मिष्ठा तालाब के जल से काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक तथा काशी के गंगाजल से वडनगर स्थित हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इस प्रकार यात्रा जल, संस्कृति, आस्था और सेवा के माध्यम से वडनगर एवं काशी के बीच एक भावनात्मक सेतु का निर्माण कर रही है।सीरपुर में रामजानकी मंदिर की साफ–सफाई एवं वृक्षारोपण

मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी यात्रा के जनपद आजमगढ़ से गुजरने के दौरान दूसरे दिन 06 अक्टूबर को विभिन्न निर्धारित स्थलों पर सेवा एवं जनसंपर्क से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए।यात्रा के रूट–5 के अंतर्गत विकासखंड लालगंज के मसीरपुर में प्रातः रामजानकी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सेवा यात्रियों एवं स्थानीय सहभागियों द्वारा मंदिर परिसर की साफ–सफाई की गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ की जानकारी ली गई तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया।चंडेश्वर में स्वच्छता अभियान, मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण,फल वितरण, वृक्षारोपण यात्रा के क्रम में श्री दुर्गा जी डिग्री कॉलेज, चंडेश्वर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा यात्रियों एवं स्थानीय सहभागियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर स्वच्छ परिसर एवं स्वच्छ समाज का संदेश दिया। इसके उपरांत राजकीय मेडिकल कॉलेज, आजमगढ़ में सेवा यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा मरीजों में फल का वितरण किया गया। परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा, मानवीय संवेदना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। नरेहथा में लाभार्थियों से संपर्क, योजनाओं की जानकारी साझा की गईयात्रा के अगले पड़ाव में विकासखंड ठेकमा की ग्राम पंचायत नरेहथा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस दौरान लाभार्थियों से योजनाओं के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई तथा पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

मिल्कीपुर हासिल होने तक नहीं रुकेगा रथ गोरखनाथ बाबा

मिल्कीपुर–अयोध्या। विकासखंड के पूरा उर्फ सुमेरपुर गांव में रविवार को पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने 2027 विधानसभा चुनाव के प्रचार का आगाज कर दिया। गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन के लिए जुटे ग्रामीणों के बीच उन्होंने चुनावी संवाद किया। एमएलसी चुनाव की आचार संहिता के चलते उद्घाटन टल गया, लेकिन मंच पूरी तरह राजनीतिक रंग में नजर आया। लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मिल्कीपुर क्षेत्र के कई प्रमुख नेता मंच पर मौजूद रहे। वक्ताओं ने गोरखनाथ बाबा को 2027 में पुनः विधायक बनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि मिल्कीपुर हासिल होने तक उनका रथ नहीं रुकेगा। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा जहर पी लूंगा और मर जाऊंगा, इसी मिल्कीपुर के लिए। इस पर समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए पद पाने का साधन नहीं, बल्कि जनता के बीच रहकर काम करने का अवसर है। अपने संबोधन में उन्होंने एक बार फिर अपनी कुंडली का भी जिक्र किया। कहा कि जिन लोगों को वह चाहते हैं, उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। गोरखनाथ ने इसी आंगनबाड़ी के भवन निर्माण को लेकर एसडीएम मिल्कीपुर से कड़े अंदाज में फोन पर बात की थी। जिसका आडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। गोरखनाथ बाबा के मंच पर पहुंचते ही समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। जानकारों की मानें तो पूरा उर्फ सुमेरपुर का यह कार्यक्रम 2027 के विधानसभा चुनाव की शुरुआती तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद मिल्कीपुर में चुनावी सरगर्मियां बढ़ने के आसार हैं। लोक गायक हरिओम ने अपने गीतों से भीड़ का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मिल्कीपुर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय सिंह टुनटुन सिंह, देवेंद्र मणि त्रिपाठी सल्ले, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा, राहुल सिंह, नंदलाल कोरी, अजीत मौर्य, कुंवर बहादुर मिश्रा, अजीत गुप्ता, अजीत कौशल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धनवान व्यक्तिवही जो अपने तन, मन,धन से सेवा भक्तिकरे डा. राघवाचार्य

अयोध्या। पूराबाजार कृष्णा पुर में पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सभी भक्तों को कथा व्यास डा राघवाचार्य महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते–करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदृ'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर–अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कथा प्रारम्भ होने पर मुख्य यजमान राज भूषण पाण्डेय तथा पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने सपरिवार पूज्य गुरुदेव कथा व्यास राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। श्रोताओं में प्रमुख रूप से रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण, बड़ा भक्त माल पीठाधीश्वर श्री महंत अवधेश दास, सियाराम किला पीठाधीश्वर श्री महंत करुणानिधान शरण जी,करतलिया बाबा आश्रम पीठाधीश्वर महंत बालयोगी राम दास जी महाराज, खड़े णीश्वरी मंदिर पीठाधीश्वर श्री महंत राम दास, महंत राम उजागिर शरण जी, महंत ध्रुव शरण जी, श्यामा सदन पीठाधीश्वर महंत श्रीधरदास जी, बड़ी जगह के संत सुदामा दास जी महाराज मौजूद रहे।

पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 02 से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान में किसानों की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण

आजमगढ़ (आर एन एस)उप कृषि निदेशक, आजमगढ़ ने बताया है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पी0एम0किसान) योजना अंतर्गत 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र किसानों को योजना का लाभ सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के साथ–साथ योजना से संबंधित लंबित समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। अभियान के दौरान कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों की ईकेवाईसी, लैण्ड सीडिंग, आधार सीडिंगधएनपीसीआई सहित योजना से जुड़ी अन्य समस्याओं को किसानों से संपर्क कर लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी उप कृषि निदेशक सदानन्द चौधरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत संदिग्ध एवं लंबित डेटा का सत्यापन, भौतिक सत्यापन तथा अन्य लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचियों के आधार पर ग्रामवार किसानों से संपर्क कर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने जनपद के सभी विभागीय कार्मिकों एवं उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने–अपने क्षेत्र में विशेष अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करते हुए किसानों से संपर्क करें तथा योजना से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।किसान बंधुओं से अपील है कि यदि पी0एम0किसान योजना से संबंधित म.ज़ल्ब, भूमि सत्यापन, आधार सीडिंग अथवा अन्य कोई समस्या लंबित है, तो अपने निकटतम कृषि विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी से संपर्क कर समस्या का समाधान कराएं।

योजनाओं से वंचित बनवासी समाज के लोगों ने ग्राम प्रधान व बीएलओ पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

आजमगढ़ तरवां विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा बहोरीकपुर में बनवासी समाज के लोगों ने ग्राम प्रधान और बीएलओ पर सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रखने तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी संख्या 100 से अधिक है, इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाओं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बनवासी समाज के लोगों ने बताया कि वे किसी तरह अपना जीवन–यापन कर रहे हैं। उनके पास रहने के लिए पर्याप्त भूमि तक उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें शौचालय, कॉलोनी और आवास जैसी योजनाओं का भी लाभ नहीं मिला है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन तो देते हैं, लेकिन लंबे समय बाद भी स्थिति में कोई ठोस बदलाव नहीं आया। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में उनके घरों के चारों ओर पानी भर जाने से आवागमन के साथ–साथ रोजमर्रा का जीवन भी प्रभावित होता है। कई बार घरों में पानी भरने के कारण कई दिनों तक खाना तक नहीं बन पाता। इससे परिवार के लोगों और बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं में पात्र होने के बावजूद उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराकर पात्र परिवारों को आवास, शौचालय, भूमि एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की हैद्य बनवासी समाज के लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन स्तर से उनकी समस्याओं का स्थलीय सत्यापन कराया जाए तो उनकी वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गांव में पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और उनकी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

युवाओं के कंधों पर है 'विकसित भारत' के निर्माण की जिम्मेदारी डा. बिजेंद्र सिंह

-'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति ने किया पुरस्कृत

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन सभागार में सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेता छात्र–छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुलाधिपति की प्रेरणा एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 17 सितम्बर, 2026 से संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत अभियान के तहत ष्मेरे सपनों का भारत विकसित भारत की संकल्पनाष् विषय पर तीन चरणों (महाविद्यालय स्तर, जिला स्तर एवं विश्वविद्यालय स्तर) में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रथम चरण में 18 से 25 सितम्बर तक महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता हुई। तत्पश्चात 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले पांच जनपदोंकृअयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी एवं बाराबंकी के निर्दिष्ट केंद्रों पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई। अंतिम चरण में 06 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के सिंधी विभाग के सेमिनार हॉल में विश्वविद्यालय स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें पांचों जनपदों से चयनित 23 शीर्ष प्रतिभागियों ने अपनी वाकपटुता और वैचारिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान कृतिका अग्रवाल (के.एस. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या), द्वितीय स्थान (संयुक्त)रू पुष्पेंद्र उपाध्याय (के. एस. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या) एवं आर्या सिंह (के. एन.आई., सुल्तानपुर), तृतीय स्थान (संयुक्त) प्रतीक्षा पांडेय (आवासीय परिसर, अवध विश्वविद्यालय), आँचल मिश्रा (बी.एन.के.बी. पीजी कॉलेज, अम्बेडकर नगर) एवं प्रज्ञा श्रीवास्तव (मुंशी रघुनंदन प्रसाद पटेल महिला पीजी कॉलेज, बाराबंकी) रहीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को कुलपति द्वारा स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया तथा शेष प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विजेताओं को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह ने कहा, "राष्ट्र का वास्तविक स्वरूप और उसका भविष्य युवाओं के विचारों में झलकता है। श्विकसित भारतश् केवल एक नारा या नीतिगत दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा प्रतिबद्धता है। आज के युवाओं की बौद्धिक ऊर्जा, तार्किक क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति यह समर्पण दर्शाता है कि देश का भविष्य अत्यंत सुरक्षित और सशक्त हाथों में है। युवा केवल समस्याओं के व्याख्याकार न बनें, बल्कि तकनीकी नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाधान के संवाहक बनें। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. फर्रुख जमाल (विभागाध्यक्ष, जैव रसायन विभाग), प्रो. अनूप कुमार (विभागाध्यक्ष, प्रौढ़ शिक्षा एवं सतत प्रसार), प्रो. मंजूषा मिश्रा (प्राचार्या, राजा मोहन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, अयोध्या), प्रो. अंजनी कुमार सिंह (के.एस. साकेत पी. जी. कॉलेज, अयोध्या) एवं डॉ. सुरेखा शर्मा (मुंशी रघुनन्दन पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी) शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन डीएसडब्ल्यू एवं नोडल अधिकारी 'सेवा संकल्प अभियान' प्रो. नीलम पाठक के दिशा–निर्देशन में हुआ। आयोजन को सफल बनाने में प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, एनएसएस समन्वयक प्रो. आशुतोष सिंह के साथ–साथ डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. महेन्द्र पाल सिंह और डॉ. आशुतोष कुमार पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

राज्य कर्मचारी संयुक्तपरिषद ने किया नवंबर से आंदोलन का ऐलान

मीरजापुर लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने लखनऊ में संयुक्त परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन विचार विमर्श कर संयुक्त परिषद द्वारा घोषित आंदोलन के कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मंडल एवं जनपद स्तर के कार्यक्रमों को पूरी तैयारी के साथ संपादित करने तथा शासन को कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन भेजने एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा आंदोलन से संबंधित पोस्टर जारी कर दिया गया है। सभी जनपद शाखाएं एवं संबद्ध संगठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी किए गए पोस्टर के अनुरूप पोस्टर प्रिंट करा कर जनपद के कर्मचारियों को जागरूक करेंगे तथा शासन प्रशासन को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराएंगे। पुरानी पेंशन की बहाली, मानदेय , प्रोत्साहन राशि पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए 18000 का न्यूनतम मानदेय दिए जाने,2001 के बाद नियुक्त संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की नियमावली निर्गत किए जाने ,वेतन विसंगतियों पर निर्णय कराये जाने ,पदों को भरे जाने ,समय से पदोन्नतियां किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा की गई है। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि 3 अगस्त को प्रदेश के मुख्य सचिव एवं सभी संबंधित को संयुक्त परिषद की नोटिस ईमेल एवं रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा चुकी है। 20 नवंबर को जनपद स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन, 16 दिसंबर को मंडल आयुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को भेजा जाएगा। 20 जनवरी को विधानसभा मार्च एवं विधानसभा पर प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के 100000 से भी अधिक कर्मचारी प्रतिभा करेंगे। जे एन तिवारी ने बताया है कि मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव कार्मिक को संयुक्त परिषद द्वारा लिखे गए दर्जनों पत्रों का कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण में लगातार उदासीनता बरती जा रही है। विभागीय अधिकारी भी संगठनों के साथ वार्ता कर समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि प्रदेश के सभी विभागों एवं वर्गों के कर्मचारियों में सरकार के प्रति गुस्सा है। लगभग 50 लाख कर्मचारी एवं उनके परिवार अपने इष्ट मित्रों के साथ इस बार 2027 के चुनाव में बहुत सोच समझ कर ऐसी सरकार का चुनाव करेंगे जो कर्मचारी के हित की बात करेगी। मौजूदा सरकार में 2 साल से अधिकारियों के साथ कर्मचारी संगठनों की कोई वार्ता नहीं हुई है। कर्मचारियों की मांगों पर सरकार निर्णय नहीं कर रही है, जिसके कारण आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों का धैर्य टूट चुका है, अब चुनावी वर्ष में आंदोलन के सिवा कोई विकल्प शेष नहीं रह गया है। सरकार कर्मचारी और उनके परिवार से संबंधित दो करोड़ की मतदाता शक्ति की अनदेखी कर रही है।कर्मचारी अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। संयुक्त परिषद अपने आंदोलन को सफल बनाने के लिए तैयारी में जुट गई है। ऑनलाइन बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे, सलाहकार समिति के सदस्य ओमप्रकाश गौड़, अमरनाथ यादव, अतुल सिंह, संतोष सिंह, गोविंद सिंह, श्याम मोहन सिंह ने प्रतिभाग किया।

रानी देवी दहेज हत्याकाण्ड में जेल में निरुद्ध सास व ससुर को मिली राहत

अयोध्या। रौनाही क्षेत्र में दहेज में 70 हजार नकद व मोटरसाईकिल की मांग पूरी न होने को लेकर विवाहिता रानी देवी के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने व जहर देकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में जेल की सलाखों के पीछे निरुद्ध दो सह आरोपितों ससुर आत्माराम व सास राजकुमारी को जिला न्यायालय से राहत मिल गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणन्जय कुमार वर्मा ने न्यायालय में प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के पश्चात मंजूर करने का आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख किया है कि मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने कारण बिसरा प्रिजर्व किये जाने का तथ्य अंकित होने के मामले में तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये दिया गया है।यह मामला जनपद के रौनाही थानान्तर्गत ग्राम मठिया लखौरी का है। सह आरोपितों के पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता शावेज जाफरी व दिलीप कुमार ने पैरवी किया तर्क दिया कि वह निर्दोष हैं। मामले में उन्हें फर्जी फंसाया गया है। उनके विरूद्ध कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं है। प्रथम सूचना रिपोर्ट में उनके विरूद्ध मृतका को प्रताड़ित करने का कोई कथन नहीं है। वे मृतका के सास व ससुर हैं। कथित घटना के पूर्व मृतका अथवा उसके मायके वालों द्वारा किसी को भी शिकायती प्रार्थना पत्र देने व दहेज मांगने अथवा उस सम्बन्ध में प्रताड़ित करने का कोई शिकायत नहीं किया गया है। उक्त घटना में मृतका को मारने पीटने व प्रताड़ित करने का कोई कथन नहीं किया गया है। वे लगभग दो माह से जेल में निरुद्ध हैं। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रौनाही थानान्तर्गत निदूरा इब्राहिमपुर दिवली गांव निवासी पतिराजी पत्नी स्व0 जगन्नाथ की पुत्री रानी का विवाह घटना के दो वर्ष पूर्व ग्राम मठिया लखौरी थाना रौनाही निवासी रामसूरत के साथ हुई थी। शादी के पश्चात् ससुराल में पति रामसूरत, ससुर आत्माराम सास और उसका देवर, ननद व सभी लोग आये दिन दहेज और नगदी करीब 70 हजार रुपये और एक मोटरसाईकिल के लिए विवाहिता से मारपीट करते थे। जिस कारण रानी पुत्री स्व0 जगन्नाथ को गम्भीर चोटे आयी। जिसे समझौता परिवार वालों ने आपस में बैठकर मिलजुलकर करा दिया करते थे। उसके कुछ दिन सही रहने के बाद फिर दहेज के लिए पूरा परिवार मारपीट शुरु कर देता था और मोटरसाईकिल और नगद की मांग करते थे। 15 जून 2026 की रात 10 बजे के आसपास रानी के साथ मारपीट शुरू कर दिया ।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर किया विरोध, थर्मल पावर प्लांट का विस्तार पर रोक लगाने की उठाई मांग

मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र ग्राम ददरी खुर्द में सरकारी जमीन लगभग 100 एकड़ जमीन हड़प कर किये जा रहे अडानी कंपनी के थर्मल पावर प्लांट के विस्तार पर रोक लगाने के सम्बन्ध में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर इस पावर प्लांट के विस्तार पर रोक लगाने की मांग की है। मड़िहान तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम ददरी में अड़ानी ग्रुप के द्वारा विद्युत संयत्र लगाया जा रहा है, जो किसानों की उपजाऊ भूमि को औने–पौने दाम पर खरीद कर कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं लगभग 100 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन जिसमे नाले, नदियां और जो भी जंगल क्षेत्र है उनको भी अवैध तरीके से अधिग्रहित कर पावर प्लांट का विस्तार किया जा रहा है, जिस पर स्थानीय तहसील प्रशासन चुप्पी साधे बैठे है। इस सम्बन्ध में जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार एड़वोकेट ने जनता की ओर से यह मांग किया कि तहसील मड़िहान के राजस्व ग्राम ददरी खुर्द में बन रहे 1600 मेगावाट अड़ानी थर्मल पावर प्लांट स्थानीय पर्यावरण और किसानों के हित में नहीं है। कम मुआवजा, पानी की कमी, राख से प्रदूषण और स्वास्थ्य संकट की शिकायत की है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

किशोर न्याय बोर्ड एवं संप्रेषण गृह की सुधारें व्यवस्था : डीएम

–निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय संप्रेषण गृह किशोर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, शिक्षण, भोजन, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेषण गृह में कुल 67 किशोर उपस्थित पाए गए।डीएम ने परिसर का निरीक्षण करते हुए किशोरों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के .ष्टिगत बैडमिंटन कोर्ट एवं बास्केटबॉल की सुविधा संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यक कार्यों का कोटेशन प्राप्त कराकर आवास विकास परिषद साडा के माध्यम से कार्य कराया जाए। परिसर की दीवारों पर आकर्षक एवं बाल हितैषी चित्रकारी कराने के निर्देश दिए, जिसमें खेल, फूल पौधों आदि से संबंधित चित्रों को उकेरा जाए। साथ ही महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों से संबंधित पुराने बैनर को बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बालकों के लिए कंप्यूटर सहित विभिन्न उपयोगी फोर्स संचालित कराने तथा यूपीएसपीएम से समन्वय स्थापित कर कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।डीएम ने किशोरों की शिक्षा की स्थिति की जानकारी लेते हुए पिछले वर्ष हाईस्कूल में नामांकित एवं उत्तीर्ण की संख्या के संबंध में जानकारी ली। अध्यापकों द्वारा बताया गया कि 12 किशोरों का हाईस्कूल में नामांकन हुआ था। जिनमें नौ उत्तीर्ण हुए। इसके पश्चात डीएम ने राशन वितरण एवं राशन स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण रजिस्टर में निर्धारित मात्रा, वास्तविक वितरण तथा उपस्थित बालकों की संख्या का स्पष्ट विवरण अंकित किया जाए। सभी अभिलेख सुव्यवस्थित पाए गए। उन्होंने राशन स्टोर एवं किचन का निरीक्षण कर चावल की गुणवत्ता भी देखी। रसोइयों को स्वच्छता के .ष्टिगत सिर ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पहचान पत्र पहनने के निर्देश दिए। कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किशोरो की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मेस समिति गठित करने के निर्देश दिए। जिसमें एक किशोर, वार्डन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को शामिल किया जाए। किशोरो ने टीवी के खराब साउंड सिस्टम को बदलने, अतिरिक्त दीवार घड़ी लगवाने तथा फोन पर वार्ता के लिए समय बढ़ाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने परिसर में विभिन्न समाचार पत्र उपलब्ध कराने तथा किसी शिक्षक द्वारा नियमित रूप से समाचार पत्रों का वाचन कराने के भी निर्देश दिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने किशोर न्याय बोर्ड बाल कल्याण समिति का निरीक्षण किया। सभी सदस्य उपस्थित पाए गए। इस दौरान बाल श्रम से संबंधित लगभग 14 वर्ष आयु के एक बालक के माता–पिता भी उपस्थित मिले। डीएम ने अभिभावकों को निर्देशित किया कि बालक की पढ़ाई न छुड़ाई जाए और उसे नियमित रूप से शिक्षा दिलाई जाए। समिति द्वारा फर्नीचर एवं इनवर्टर आदि की आवश्यकता बताए जाने पर डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑपरेटर से प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि विगत दिवस तीन शिकायतें प्राप्त हुई थीं। डीएम ने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से अभिलेखीकरण एवं अनुश्रवण किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए आवश्यक ग्रुप बनाया जाए, ताकि शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी निगरानी हो सके।

डीएम व उप निदेशक कृषि ने किसानों से भरी बस को दिखाई हरी झंडी

–आधुनिक सब्जी खेती की तकनीक सीखने कन्नौज रवाना हुए किसान

चित्रकूट। किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक .षि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से .षि विभाग ने पहल शुरू की है। मंगलवार को कलेक्टरेट परिसर से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और उप निदेशक .षि जीत लाल गुप्ता ने 40 किसानों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर कन्नौज के लिए रवाना किया। किसान छह से 10 अक्टूबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल, उमर्दा में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे।प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उन्नत सब्जी किस्मों के चयन, गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करने, संरक्षित खेती, सिंचाई एवं पोषण प्रबंधन, कीट–रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने किसानों से प्रशिक्षण में मिली तकनीकों को अपने खेतों में अपनाने के साथ अन्य किसानों को भी जागरूक करने की अपील की। उप निदेशक .षि ने बताया कि किसानों को अत्याधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराने का उद्देश्य उन्हें पारंपरिक खेती के साथ व्यावसायिक और लाभकारी सब्जी उत्पादन के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण से किसान कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता हासिल करने के तरीके सीखेंगे। प्रत्येक विकासखंड से आठ किसानों का चयन किया गया है।किसानों ने कहा कि भ्रमण और प्रशिक्षण से उन्हें नई तकनीकों को समझकर खेतों में अपनाने का अवसर मिलेगा।

राम-लक्ष्मण की आरती करते ट्रस्टी डा इलेश जैन व आयोजक प्रशांत करवरिया।

चित्रकूट। तरौंहा में चल रही रामलीला में राम–रावण युद्ध देखने को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। रावण वध होते ही जय श्री राम के जयघोष से पांडाल गूंज उठा। प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ ही रामलीला महोत्सव का भव्य समापन हुआ।रामलीला की शुरुआत आयोजक प्रशांत करवरिया व सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डा इलेश जैन ने राम–लक्ष्मण की आरती से कराई। मंचन के अनुसार लक्ष्मण ने मेघनांद का वध किया। यह समाचार सुनते ही रावण व्याकुल हो गया। आखिर उसे युद्ध में आना पड़ा। प्रभु श्रीराम और रावण के मध्य भयंकर घमासान शुरू हुआ। प्रभु ने रावण के नौ शीश काट डाले। आखिर में विभीषण के कहने पर एक ही बाण रावण के नाभी में मारकर वध कर दियाा। रावण का अंत होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इसके बाद प्रभु श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया। पुष्पक विमान से राम, लक्ष्मण और माता सीता और हनुमान के साथ अयोध्या लौटे। जहां प्रभु श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक हुआ। इसके साथ ही रामलीला का भव्य समापन हुआ। अयोजक प्रशांत करवरिया ने रामलीला को सफल बनाने वाले सहयोगियों व शहरवासियों के प्रति आभार जताया।

डिग्गी तालाब की जलभराव समस्या का डीएम ने लिया जायजा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. 21 शास्त्री नगर स्थित डिग्गी तालाब का निरीक्षण कर जलभराव एवं जल निकासी की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने तालाब का राजस्व एवं नगर पालिका अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराने, अतिक्रमण चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा तालाब के गहरीकरण एवं सुंदरीकरण की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए समुचित जल निकासी व्यवस्था विकसित करने तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को हैंडपंपों का निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार उन्हें ऊंचा कराने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव के दौरान भी लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

बिना ले-आउट स्वीकृत अवैध प्लाटिंग कराया ध्वस्त

चित्रकूट। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कसहाई बरम बाबा के पास मनोज पुत्र शिवकुमार एवं विजय शंकर त्रिपाठी पुत्र बद्दी प्रसाद त्रिपाठी द्वारा बिना ले–आउट स्वी.त कराए लगभग 10 बीघे में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया गया, परंतु संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। डीएम के निर्देशानुसार अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। आमजन से अपील किया कि प्राधिकरण क्षेत्र में भवन मानचित्र ले–आउट स्वी.त कराने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू करें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कर्वी एवं प्राधिकरण के सहायक अभियंता आदि उपस्थित रहे।

दीपावली एवं अमावस्या मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

चित्रकूट। दीपावली और अमावस्या मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम पुलकित गर्ग के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय डॉ. कंचन द्वारा अधिशासी अधिकारी राज किशोर प्रसाद और संबंधित अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र तथा परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालयों और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एडीएम न्यायिक सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। यूपीपीसीएल, पर्यटन विभाग, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सफाई, शौचालय और यातायात प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं प्रभावी व सुचारु रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने, मेला क्षेत्र और परिक्रमा मार्ग की नियमित सफाई कराने तथा कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करें। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था उत्तर प्रदेश के परिक्रमा मार्ग में संतोषजनक पाई गई लेकिन और बेहतर करने के लिए निदेशित किया गया। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में नालों में दो सौ झरिया थी जिसे पर्यटन विभाग द्वारा डेढ़ सौ झरियो बंद कर दी गई है। प्रभारी अधिकारी स्थाई निकाय द्वारा शीघ्र परिक्रमा मार्ग की सभी झरियो एवं कार्य को शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती शिखा अग्रवाल रहीं। आंगन मिलन सेवा के अन्तर्गत जनपद के नगर सहित कुल 13 परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। जनपद स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित 26 बच्चों को हेल्दी बेबी प्रमाण पत्र का वितरण एवं उनकी माताओं का सम्मान मुख्य अतिथि शिखा अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसमें क्रमशः कीर्ति पुत्री आरती, आंचल पुत्री प्रिया, माही पुत्री प्रियंका एवं शिवांश पुत्र ज्योत्सना आदि कार्यक्रम में शामिल रहे। इसके अतिरिक्त पोषण अभियान सहित आंगन मिलन सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री क्रमशः कंचन शुक्ला, दीपा मोदनवाल, अंजली शर्मा, करीना, काजल, आरती, खुशबू एवं शालिनी अवस्थी आदि रहीं।आंगन मिलन सेवा के अन्तर्गत जनपद स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 48 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट पोषण रंगोली, पोषण मटका एवं विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन रंगोली बनाकर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा सभी वर्गों, बच्चों एवं महिलाओं को बराबर सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर द्वारा किया गया।

महिला मरीज के अंग चोरी आरोप मामले में फंसे डाक्टर ने चली चाल

'दलित महिला सफाईकर्मी को आगे कर शुरु की दबाव की साजिश, लोगों में आक्रोश

मीरजापुर। जिले के संतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपनगर स्थित निजि चिकित्सालय में आपरेशन पश्चात महिला की हुई मौत मामले में जहां एक माह बीतने के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीड़ित परिवार न्याय के दरदर की ठोकरें खाते फिर रहा है तो दूसरी ओर महिला मरीज की मौत मामले में बुरी तरह से फंसे निजी चिकित्सालय के डाक्टर और संचालक मामले में पर्दा डालने की खातिर अब पीड़ित परिवार पर बेजा दबाव बनाने में जुट गये हैं। बताया गया है कि पीड़ित परिवार को मामले में चुप रहने की हिदायत देते हुए भविष्य में परिणाम ठीक न होने की जहां चेतावनी दी जाती रही है वहीं अब अस्पताल की ही दलित महिला सफाईकर्मी को आगे करते हुए अस्पताल संचालक ने दलित कार्ड खेलते हुए पीड़ित परिवार की आवाज को दबाने और पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने वाले लोगों को एक तरह से डराने धमकाने की साजिश शुरु कर दी है। जिससे पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित परिवार के मुताबिक अस्पताल संचालक खुलकर चेताते आया है कि उसके खिलाफ कुछ भी नहीं होता, उनके थाना से लेकर नेताओं और जिले के अधिकारियों से संबंध है, तुम्हारे पास क्या है। सुलह कर लो और शांत होकर बैठ जाएं वरना परिणाम ठीक नहीं होगा।गौरतलब हो कि लालगंज थाना क्षेत्र के कठवार गांव निवासी एक व्यक्ति ने पिछले महीने अपने एक रिश्तेदार महिला को पेट दर्द होने की शिकायत पर भर्ती कराया था जहां जांच आदि के बाद बताया गया था कि पीड़िता को पथरी है जिसके आपरेशन के लिए भर्ती कर आपरेशन किया गया था। परिजनों का आरोप है कि आपरेशन के बाद पीड़िता की हालत बिगड़ते देख उसे अन्यत्र अस्पताल के ही एम्बुलेंस से ले जाया जा रहा था कि पीड़िता की मौत हो गई थी। आरोप है कि महिला के शरीर में कई जगह चीरा और टांका दिखाई देने पर अस्पताल संचालक ने आनन–फानन में शव का पोस्टमार्टम कराने के बजाए दाह संस्कार करा दिया था। परिजनों ने मानव अंग चोरी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत करते हुए अस्पताल संचालक और अस्पताल में आपरेशन करने वाले चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए तहरीर दिया था जिसमें उनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कि गई है जबकि घटना को हुए महीना दिन का समय बीत चुका है। इस बीच जहां पीड़ित दर–दर न्याय और कार्रवाई को लेकर भटकता फिर रहा है वहीं अस्पताल

संचालक ने अब उल्का दांव चलते हुए पीड़ित परिवार और उनकी मदद में आगे आए लोगों को ही फंसाने की खातिर अस्पताल की महिला सफाईकर्मी को आगे कर चाल चल दी है जिससे इलाके के लोगों में आक्रोश है।

एएसपी ने आंकिक शाखा का किया निरीक्षण

चित्रकूट। अपर एसपी पीयूषकान्त राय ने पुलिस कार्यालय स्थित आंकिक शाखा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान आंकिक शाखा में रखे गए विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन एवं मिलान किया गया तथा उनके रखरखाव, अद्यावधिक स्थिति एवं अभिलेखीकरण की जांच की गई। शाखा में पुलिसकर्मियों से संबंधित वेतन, भत्ते, सेवा संबंधी अभिलेख, वेतन पंजिका, जीपीएफ एनपीएस से संबंधित अभिलेख एवं अन्य वित्तीय आंकिक अभिलेखों का भी निरीक्षण किया गया।एएसपी ने संबंधित कर्मचारियों को सभी अभिलेखों को क्रमबद्ध, अद्यतन एवं सुरक्षित रखने, कार्यालयीय कार्यों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निष्पादन करने तथा अभिलेखों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आंकिक शाखा के कर्मचारियों को शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित नियमों प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्यों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादन करने के लिए निर्देशित किया गया।

अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार में मारी टक्कर महिला की हुई मौत, तीन घायल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर–रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार में पीछे टक्कर मार दी। कार में सवार महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर निवासी 50 वर्षीया उषा देवी पत्नी चंद्रमा प्रसाद मिश्र अपने 24 वर्षीय पुत्र अंबुज मिश्र व परिवार के सदस्य 25 वर्षीय अंकित मिश्र तथा 19 वर्षीय आयुष के साथ अपने पिता के श्राद्ध में शामिल होने के लिए अपने मायके मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के छतना गांव गई थी। सोमवार को देर शाम घर वापस लौटते समय जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचे तो पीछे से कपड़ा लादकर आ रहे ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक कार में पीछे से टक्कर मारते हुए खांई में जाकर रूक गया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां पीएचसी हलिया के चिकित्सक अवधेश कुमार ने गंभीर रूप से घायल उषा देवी को देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार में सवार महिला की मौत हो गई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

रेलवे स्टेशन के पास मिला महिला का शव

चित्रकूट। बीती देर रात कर्वी रेलवे स्टेशन के पास महिला का शव मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के कालूपुर पाही गांव के मुस्लिमपुरवा निवासी जैतून उर्फ सलमा बेगम (40) का शव ट्रेन की चपेट में आने से क्षतविक्षत हालत में चुका था। उसके पास बांदा से चित्रकूट तक का रेलवे टिकट भी मिला है। परिजनों के मुताबिक सलमा तीन अक्टूबर को दवा कराने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम तक वापस नहीं आने पर स्वजन ने साथ गई महिलाओं से जानकारी ली तो बैंक से रुपये निकालने की बात सामने आई।काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर चार अक्टूबर को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। सोमवार देर रात जीआरपी से महिला की मौत की सूचना मिली। जीआरपी प्रभारी जितेंद्र सिंह के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि महिला बांदा से ट्रेन से चित्रकूट पहुंची और स्टेशन के पास पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। महिला के तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं।

मक्का और मदीना में उमरा की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए ग्रामीण

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के हलिया खम्हरिया गांव से मुस्लिम परिवार के लोग सऊदी अरब के मक्का और मदीना में उमरा की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर गांव में काफी उत्साह का माहौल था। खम्हरिया गांव और आसपास के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जायरीनों को विदा करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने गुलबहार अली व उनकी माता हजरतिया को परिवार के सदस्यों ने फूल–मालाएं पहनाईं। लोगों ने गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी और उनकी सुरक्षित यात्रा के लिए दुआएं मांगीं। विदाई के दौरान पूरा माहौल श्अल्लाह–हू–अकबरश और धार्मिक नारों से गूंज उठा। यात्रा पर जा रहे लोगों ने देश और क्षेत्र में अमन, चौन और खुशहाली के लिए दुआ करने की बात कही। इनमें कई बुजुर्ग भी शामिल थे।

गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 13 अक्टूबर 2026 से पूर्व भेजे प्रस्ताव

आजमगढ़ (आर एन एस)उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के प्रमुख सचिव द्वारा जारी पत्र के क्रम में वर्ष 2026–27 के लिए गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्तावध्आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट एवं पूर्णतः समर्पित रूप से कार्य करने वाले प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से गुरु गोविन्द सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार स्वरूप रू0 1 लाख की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाता है।पुरस्कार की अर्हताएं निम्नवत निर्धारित की गई हैंरू–भारत का मूल नागरिक हो। उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने वाले वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो।अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने बताया कि जनपद में इस पुरस्कार के मापदंडों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक–एक प्रस्ताव उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में दिनांक 30 सितंबर 2026 से बढ़कर 15 अक्टूबर 2026 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत उक्त का प्रचार प्रसार करते हुए क्षेत्र के ऐसे पात्र महानुभावों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में वांछित सूचना के साथ 13 अक्टूबर 2026 से पूर्व पांच प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

तर्पण करने गए वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

चित्रकूट। नदी में तर्पण करने गए सदर कोतवाली क्षेत्र के रगौली गांव निवासी वृद्ध चौकीदार मतगंजन प्रसाद (80) की डूबने से मौत हो गई। पांच घंटे बाद उनका शव मिला। रगौली निवासी गोविंद प्रसाद ने बताया कि उनके मामा मतगंजन प्रसाद चौकीदार थे। उम्र अधिक होने और बीमार होने के कारण उनका काम गांव का रिश्तेदार कैलाश प्रसाद देखता था। पितृपक्ष में मतगंजन प्रसाद प्रतिदिन नदी में जाकर पूर्वजों को तर्पण करते थे। कोतवाल अभयराज सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह मतगंजन नदी गए थे। दोपहर दो बजे तक उनके न लौटने पर स्वजन ने खोजबीन शुरु की। नदी किनारे पहुंचने पर उनके कपड़े, चप्पल व डंडी किनारे रखे मिले। नदी में खोजबीन की तो कुछ ही देर में डूबी अवस्था में वह नदी में मिले। उनकी मौत हो चुकी थी।

विंध्याचल मेले को लेकर डीआईजी पूनम ने दिए सख्त निर्देश

मीरजापुर। शारदीय नवरात्रि मेला विंध्याचल 2026 को लेकर डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र पूनम ने पुलिस अधिकारियों के साथ गूगल मीट के जरिए समन्वय बैठक की। 10 से 21 अक्टूबर तक चलने वाले मेले में भारी भीड़ के मद्देनजर रूट डायवर्जन, पार्किंग, बैरियर और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही समेत अन्य जिलों व राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए अलग पार्किंग व डायवर्जन व्यवस्था लागू करने के निर्देश। मुख्य मार्गों पर जाम रोकने, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और आपात स्थिति में एंबुलेंस के लिए निर्बाध रास्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विकास विभाग की बैठक में शिविर की तैयारियों की समीक्षा

आजमगढ़ (आर एन एस)उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश ध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01 नवंबर 2026 को जनपद स्तर पर वृहदध्मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, बच्चों, स्त्रियों निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। वृहद धमेगा शिविर के आयोजन से पूर्व समस्त विभागों द्वारा जनपद स्तर पर, तहसील स्तर पर, ब्लाक स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु पात्र व्यक्तियों का चयन किया जा रहा है।बृहदध्मेगा शिविर को सफल बनाने के लिए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ अंकित वर्मा की अध्यक्षता में संजय कुमार सिंह जिला विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी प्रशासनिक के साथ बैठक आहूत की गयी।

चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

मीरजापुर। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कटरा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को उपनिरीक्षक कृष्ण कान्त त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ नटवा तिराहे के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दीपक पुत्र पप्पू निवासी भटेवरा, थाना चिल्ह को चोरी की बाइक के साथ पकड़ लिया।

50 कृषि सखियों को दिया गया नेचुरल फार्मिंग प्रशिक्षण

चित्रकूट। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्राप्त कार्य योजना के अनुसार 25 क्लस्टरों पर चयनित प्रति क्लस्टर दो .षि सखी इस प्रकार कुल 50 चयनित .षि सखी का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण .षि विज्ञान केन्द्र गनीवा में लोकल नेचुरल फार्मिंग इन्सट्यूट ग्राम बेहार एवं .षि भवन सभागार में आयोजित किया गया।

शांति व्यवस्था को लेकर 13 लोगों पर कार्रवाई

मीरजापुर। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मीरजापुर पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 13 व्यक्तियों का बीएनएसएस की धारा के तहत चालान किया। पुलिस के अनुसार, थाना विंध्याचल क्षेत्र से 4, कोतवाली देहात से 2, थाना चिल्ह से 3, थाना कछवां से 1 और थाना मड़िहान क्षेत्र से 3 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

नमन धीर ने टी20 पदार्पण पर लिए 3 विकेट, बोले- अब बल्ले से मौके का इंतजार

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 पदार्पण पर नमन धीर ने 31 रन देकर तीन विकेट झटके। कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद शतक की बदौलत भारत ने यह मैच आसानी से जीत लिया। अपनी गेंदबाजी से खुश नमन ने कहा कि वह अब बल्ले से भी योगदान देने का इंतजार कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार पदार्पण करने वाले भारत के ऑलराउंडर नमन धीर अपनी गेंदबाजी से योगदान देकर खुश थे, हालांकि वह अब भी बल्ले से मौके का इंतजार कर रहे हैं जो उनकी मजबूती है। अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर नमन ने ऑफ–स्पिन गेंदबाजी से 31 रन देकर तीन विकेट के प्रभावशाली आंकड़े दर्ज किए और भारत को वेस्टइंडीज को 171 रन पर समेटने में मदद की। भारत ने कप्तान श्रेयस अय्यर के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक (43 गेंदों पर नाबाद 102) की बदौलत 14.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नमन ने मंगलवार को यहां मैच के बाद प्रेस कांफ्रेस में कहा, ''मैं अब भी बल्लेबाजी में अपने मौके का इंतजार कर रहा हूं और अगर मुझे बल्ले से मौका मिलता है तो मुझे खुशी होगी। लेकिन मैं खुश हूं कि मैं गेंद से योगदान दे सका और टीम जीत गई। '' नमन ने कहा कि इकाना स्टेडियम की पिच ने सुनिश्चित किया कि स्पिनरों के लिए गेंद थोड़ी धीमी गति से करनी पड़े। करूं जो अंत में कारगर साबित



उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से आज मुझे जो पहला विकेट मिला, वह मेरे लिए एक उपलब्धि थी, लेकिन साथ ही यह सब अपनी योजनाओं को अमल में लाने के बारे में है। विकेट की मांग थी कि मैं गेंद थोड़ी धीमी गति से हुई।'' नमन ने कहा, ''मैं काफी लंबे समय से गेंदबाजी कर रहा हूं ऐसा नहीं है कि मैंने अभी शुरुआत की है। आईपीएल में, आप मुझे कम गेंदबाजी करते हुए देखते हैं क्योंकि 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम है, लेकिन ऐसा नहीं है कि मैं गेंदबाजी नहीं कर रहा हूं।

इतिहास आपको बेहतर नजरिए से देखेगा, अगरकर के इस्तीफे पर गंभीर का आलोचकों को करारा जवाब, लिखा इमोशनल पोस्ट

सिलेक्शन कमेटी ने भविष्य के लिए टीम तैयार करने पर भी जोर दिया, जिसमें अगरकर ने अक्सर जाने–माने नामों के बजाय युवा खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी। हर फैसला सही नहीं रहा और उनके कुछ फैसलों की आलोचना भी हुई, लेकिन उनका मुख्य नजरिया एक जैसा रहारू भारत पीछे मुड़कर देखने के बजाय आगे बढ़ता रहा।भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ठब्ब्) के चीफ सेलेक्टर के रूप में अजीत अगरकर का कार्यकाल खत्म होने पर उन्हें भावुक श्रद्धांजलि दी है। इसके साथ ही गंभीर ने अगरकर के आलोचकों पर सीधा तंज कसते हुए टीम इंडिया की हालिया सफलताओं में उनके योगदान को सराहा है। अजीत अगरकर का 3 साल से अधिक का सफल कार्यकाल 4 अक्टूबर 2026 को आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया, जिसके बाद ठब्ब् ने मुख्य चयनकर्ता पद के लिए नए आवेदनों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगरकर, जिनका कार्यकाल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ, उन चीफ सेलेक्टर में से थे जो बड़े और कभी–कभी अलोकप्रिय फैसले लेने से नहीं हिचकिचाते थे। उनके कार्यकाल में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली और रोहित शर्मा से आगे बढ़कर नए खिलाड़ियों को मौका दिया, जबकि सूर्यकुमार यादव को भारत को 2026 ज्20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताने के कुछ हफ्ते बाद ही ज्20प् टीम से बाहर कर दिया गया।गंभीर ने ग पर लिखा, षप्रिय अजीत भाई, आपके साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही। वे 3 प्ब्ब ट्रॉफियां आपके पक्के इरादे का सबूत हैंरू टीम सबसे पहले और टीम हमेशा आगे... मैं यह जरूर कहूंगा कि इतिहास आपको बेहतर नजरिए से देखेगा। हर चीज के लिए ध न्यवाद। आपके भविष्य के कामों के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं!! सिलेक्शन कमेटी ने भविष्य के लिए टीम तैयार करने पर भी जोर दिया, जिसमें अगरकर ने अक्सर जाने–माने नामों के बजाय युवा खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी। हर फैसला सही नहीं रहा और उनके कुछ फैसलों की आलोचना भी हुई, लेकिन उनका मुख्य नजरिया एक जैसा रहारू भारत पीछे मुड़कर देखने के बजाय आगे बढ़ता रहा। अगरकर के जाने के तुरंत बाद भुवनेश्वर कुमार की ज्20प् टीम में वापसी उस सोच में एक बड़ा बदलाव था, क्योंकि यह अनुभवी खिलाड़ी लगभग चार साल बाद टीम में लौटा था। गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार को एप्लीकेशन का नोटिस जारी किया, जो अगरकर का चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल 4 अक्टूबर को खत्म होने के ठीक 48 घंटे बाद आया। अगरकर जुलाई 2023 में सीनियर पुरुष सिलेक्शन पैनल की कमान संभालने के बाद से इसके प्रमुख थे, लेकिन खबरों से पता चला था कि वह अपना कार्यकाल आगे बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं रखते थे। अगरकर के कार्यकाल के दौरान ही गंभीर भारतीय टीम के कोच बने और दोनों ने मिलकर चौंपियंस ट्रॉफी 2025 और ज्20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए काम किया। चीफ सिलेक्टर के तौर पर अगरकर का कार्यकाल अगरकर ने 4 जुलाई, 2023 को भारत के सीनियर पुरुष सिलेक्शन पैनल की कमान संभाली और चेयरमैन के तौर पर तीन साल से कुछ ज़्यादा समय तक काम किया, उनका कार्यकाल अक्टूबर 2026 में खत्म हुआ। उनका कार्यकाल भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल दौर में से एक रहा, जिसमें टीम ने तीन प्ब्ब ट्रॉफियां जीतींरू 2024 ज्20 वर्ल्ड कप, 2025 चौंपियंस ट्रॉफी और 2026 ज्20 वर्ल्ड कप। उनके कार्यकाल के दौरान भारत 2023 व्क्प् वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंचा। अगरकर के कार्यकाल के दौरान सिलेक्शन कमेटी मीडिया के लिए ज़्यादा सुलभ रहीय भारत के पूर्व ऑलराउंडर सिलेक्शन मीटिंग के बाद नियमित रूप से प्रेस से बात करते थे और बड़े फैसलों के पीछे



की सोच बताते थे। अगरकर ने खुद इस काम की प्रकृति को समझा और कहा कि हर किसी को खुश करना नामुमकिन है और भारतीय क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी को देखते हुए सिलेक्टर्स को आलोचना का सामना करना ही पड़ेगा। हालांकि, उनका कार्यकाल विवादों से अछूता नहीं रहा। सबसे बड़ी चर्चाओं में से एक थी रोहित शर्मा और विराट कोहली के व्क्प्भविष्य को लेकर अनिश्चितता, क्योंकि भारत 2027 वर्ल्ड कप की ओर देख रहा था। अक्टूबर 2025 में, अगरकर ने सार्वजनिक रूप से इन दोनों दिग्गजों के बने रहने का समर्थन किया और कहा कि उनके शानदार व्क्प् रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें ष्ट्रायलष् पर नहीं रखा जाएगा। 2026 में अनिश्चितता का माहौल फिर से बन गया, खासकर रोहित के भविष्य को लेकर, क्योंकि अगरकर और ठब्ब् के बीच इस बात पर मतभेद की खबरें थीं कि इस अनुभवी खिलाड़ी के वनडे करियर को कैसे संभाला जाए। आगे चलकर यह मुद्दा अगरकर का कार्यकाल खत्म होने की वजहों में से एक बना।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका, प्रसारण अधिकार तय कीमत से आधी रकम पर बिके

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को 25 घरेलू अंतरराष्ट्रीय मैचों के प्रसारण अधिकार तय न्यूनतम कीमत से करीब आधी रकम में बेचने पड़े हैं। पीटीवी ने 60 करोड़ रुपये की तय कीमत के मुकाबले 35 करोड़ पाकिस्तानी रुपये की बोली लगाई। टीम के खराब प्रदर्शन और प्रायोजकों की कम रुचि को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के प्रसारण अधिकार बेचने में बड़ा झटका लगा है। बोर्ड को 25 घरेलू अंतरराष्ट्रीय मैचों के प्रसारण अधिकार तय न्यूनतम कीमत से करीब आधी रकम में बेचने पड़े हैं। इस टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ सरकारी प्रसारक पाकिस्तान टेलीविजन निगम ने बोली लगाई, जिसके बाद बोर्ड ने 35 करोड़ पाकिस्तानी रुपये की बोली स्वीकार कर ली। जबकि इन अधिकारों के लिए बोर्ड ने न्यूनतम कीमत 60 करोड़ पाकिस्तानी रुपये तय की थी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कुछ दिन पहले इन प्रसारण अधिकारों के लिए टेंडर जारी की थी। इस बार बोर्ड ने इच्छुक कंपनियों को मिलकर एक समूह के रूप में बोली लगाने की अनुमति नहीं दी। पिछले कुछ वर्षों में प्रसारण अधिकारों की बिक्री में ऐसे समूहों के जरिए बोली लगाने की व्यवस्था देखने को मिली थी। मौजूद जानकारी के अनुसार, समूह के तौर पर बोली लगाने की अनुमति नहीं मिलने से इस बार प्रतिस्पध



ार्ी काफी कम हो गई। अंत में सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन निगम ही मैदान में बचा और उसने 35 करोड़ रुपये की बोली लगाई। यह रकम बोर्ड की तय न्यूनतम कीमत से 25 करोड़ रुपये कम है। नए समझौते में पाकिस्तान के कुल 25 घरेलू अंतरराष्ट्रीय मुकाबले शामिल हैं। इनमें 5 टेस्ट, 14 एकदिवसीय और 6 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हैं। पाकिस्तान को इस महीने श्रीलंका के खिलाफ 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। इसके बाद इंग्लैंड की भागीदारी वाली 7 मैचों की त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला खेली जानी है। अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट मैच भी होने हैं।प्रसारण अधिकारों के लिए कम बोली मिलने की एक बड़ी वजह पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हालिया प्रदर्शन को भी माना जा रहा है। बोर्ड से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र के मुताबिक, राष्ट्रीय टीमों का प्रदर्शन हाल के समय में उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इसका असर प्रायोजकों और विज्ञापनदाताओं की दिलचस्पी पर भी पड़ा है और फिलहाल वे पाकिस्तान क्रिकेट से दूरी बनाए हुए हैं।सूत्र ने यह भी बताया कि जिस कंपनी ने अतीत में पाकिस्तान क्रिकेट के ज्यादातर प्रसारण अधिकार हासिल किए थे, उसने भी इस बार बोली लगाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऐसे में बोर्ड के सामने विकल्प बहुत सीमित रह गए और उसे सरकारी प्रसारक की कम बोली स्वीकार करनी पड़ी।गौरतलब है कि मौजूदा प्रसारण समझौते में जनवरी 2027 में आयरलैंड के खिलाफ होने वाले 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी शामिल हैं। इसके बाद आयरलैंड और जिम्बाब्वे की भागीदारी वाली 7 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला प्रस्तावित है। हालांकि, जिम्बाब्वे ने संकेत दिया है कि अपने क्रिकेट बोर्ड से जुड़ी आंतरिक समस्याओं के कारण उसके पाकिस्तान दौरे पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की परेशानी सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों तक सीमित नहीं है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें संस्करण में 2 नई टीमों को शामिल किए जाने के बावजूद बोर्ड को प्रसारण अधिकारों के लिए अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। इससे यह संकेत मिला कि घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रति प्रसारकों की दिलचस्पी भी पहले जैसी मजबूत नहीं रही है।और भी बड़ी चिंता यह है कि पिछले साल पाकिस्तान सुपर लीग के प्रसारण अधिकार हासिल करने वाले एक प्रसारक पर बोर्ड की अरबों रुपये की रकम अभी बकाया बताई जा रही है। ऐसे में कम बोली, पुराने भुगतान का अटकना और राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को लेकर सवाल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सामने वित्तीय दबाव को और बढ़ा रहे हैं।

शुभमन गिल पांचवीं बार जीत सकते हैं आईसीसी अवार्ड अभिषेक शर्मा भी रेस में शामिल

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए भारत के चार क्रिकेटरों को नामांकन मिला है। पुरुष वर्ग में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा तथा महिला वर्ग में शेफाली वर्मा और श्री चरणी दौड़ में शामिल हैं। गिल पांचवीं बार यह खिताब जीतने के प्रयास में हैं। सितंबर में भारतीय क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन का असर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मासिक पुरस्कार की नामांकन सूची में भी दिख रहा है। भारत के 4 खिलाड़ियों को सितंबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरुष वर्ग में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में शेफाली वर्मा और श्री चरणी नामांकित हुई हैं। सितंबर का महीना भारतीय क्रिकेट के लिए काफी खास रहा है और अब इसका असर आईसीसी के मासिक पुरस्कार की नामांकन सूची में भी दिखाई दे रहा है। सितंबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए भारत के 4 खिलाड़ियों को चुना गया है। पुरुष वर्ग में कप्तान शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा, जबकि महिला वर्ग में शेफाली वर्मा और श्री चरणी को नामांकन मिला है।बता दें कि शुभमन गिल के पास इस पुरस्कार को 5वीं बार जीतने का मौका है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो वह इस सम्मान को सबसे ज्यादा बार जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में बराबरी कर लेंगे। दूसरी ओर, अभिषेक शर्मा ने सितंबर में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से खास पहचान बनाई है।शुभमन गिल ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 2 मुकाबलों में कुल 333 रन बनाए। तिरुवनंतपुरम में खेले गए पहले मुकाबले में गिल ने 110 रन की पारी खेलकर शुरुआत की। इसके बाद दूसरे मैच में उन्होंने सिर्फ 133 गेंदों पर 223 रन की बेहद आक्रामक पारी खेली।गौरतलब है कि गिल की यह पारी कई मायनों में खास रही। उन्होंने सबसे तेज एकदिवसीय दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और भारत को 406 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने यह मुकाबला 8 विकेट और 39 गेंद बाकी रहते जीत लिया। लगातार शानदार प्रदर्शन के कारण गिल एक बार फिर मासिक पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं।अभिषेक शर्मा ने भी सितंबर में सबसे छोटे प्रारूप में जमकर रन बनाए। उन्होंने 4 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 229 रन बनाए। हालांकि, उनकी सबसे बड़ी पारी अफगानिस्तान के खिलाफ आई, जहां उन्होंने केवल 34 गेंदों में 108 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में शतक पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस प्रदर्शन के साथ अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा के 35 गेंदों में शतक के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बता दें कि अभिषेक इससे पहले सितंबर 2025 में भी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीत चुके हैं। ऐसे में उनके पास लगातार दूसरी बार यह सम्मान हासिल करने का मौका है।महिला वर्ग में शेफाली वर्मा ने भी सितंबर में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अलग–अलग प्रारूपों में कुल 360 रन बनाए और उनका रन बनाने का औसत करीब 184.61 रहा। भारत की एशिया कप खिताबी जीत में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। इतना ही नहीं, गेंद से भी उन्होंने योगदान दिया और इस दौरान 6 विकेट अपने नाम किए।एशियाई खेलों में भी शेफाली का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 100 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में उन्होंने 48 रन की पारी खेली और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।श्री चरणी को भी उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में नामांकन मिला है। उन्होंने सितंबर में 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 18 विकेट हासिल किए और उनकी गेंदबाजी की रन देने की दर केवल 3.30 रही। एशियाई खेलों के फाइनल में उन्होंने 13 रन देकर 2 विकेट लिए और भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की।

इस प्रदर्शन का असर उनकी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग पर भी पड़ा। श्री चरणी के 817 अंक हो गए, जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी



रैंकिंग में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।पुरुष वर्ग में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा भी पुरस्कार के लिए नामांकित हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए।

महिला वर्ग में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू को एशिया कप और एशियाई खेलों में बल्ले और गेंद दोनों से उनके योगदान के आधार पर नामांकन मिला है। मौजूद जानकारी के अनुसार, सितंबर के प्रदर्शन को देखते हुए इस बार दोनों वर्गों में मुकाबला काफी दिलचस्प रहने वाला है। भारत के 4 खिलाड़ियों के नामांकन ने एक बार फिर दिखाया है कि पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा कितना मजबूत रहा है।

कैंपा को एनर्जी ड्रिंक के रूप में बेच सकेगी रिलायंस, दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

दिल्ली हाई कोर्ट ने रिलायंस इंडस्ट्रीज को कैंपा उत्पादों को फिलहाल एनर्जी ड्रिंक के रूप में बेचने की अनुमति दे दी है। कंपनी ने अदालत में भारी मात्रा में तैयार माल और पहले से छपी पैकिंग का हवाला दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा नियामक द्वारा बिना नोटिस दिए आदेश जारी करने पर सवाल उठाए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपा ब्रांड के लिए मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने कंपनी को फिलहाल अपने कैंपा उत्पादों को "एनर्जी ड्रिंक" के रूप में बेचने और प्रचारित करने की अनुमति दे दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब खाद्य सुरक्षा नियामक के आदेश से रिलायंस के पास बड़ी मात्रा में ऐसा तैयार माल फंस गया था, जिस पर पहले से "एनर्जी ड्रिंक" लिखा हुआ था।मौजूद जानकारी के अनुसार, मामला एफएसएसएआई के 30 जून के आदेश से जुड़ा है। नियामक ने ज्यादा मात्रा में कैफीन वाले पेय को "एनर्जी ड्रिंक" नाम से बेचने वाली कंपनियों को इस तरह का नाम इस्तेमाल करना बंद करने का निर्देश दिया था। इसके बाद रिलायंस ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और अपने कैंपा उत्पादों की बिक्री पर पड़ रहे असर को अदालत के सामने रखा।मंगलवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने खाद्य सुरक्षा नियामक से सवाल किया कि आदेश जारी करने से पहले रिलायंस को कोई नोटिस क्यों नहीं दिया गया। अदालत ने यह भी कहा कि अपनी गलती सुध



ारने में अभी देर नहीं हुई है। मामले की अगली सुनवाई 5 नवंबर को होगी।बता दें कि इस मामले में केवल रिलायंस ही प्रभावित नहीं है। पेप्सिको और मॉन्स्टर बेवरेज ने भी पिछले सप्ताह एफएसएसएआई के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, ऑस्ट्रिया की रेड बुल को पहले ही अदालत से अपने उत्पादों के लिए "एनर्जी ड्रिंक" नाम का इस्तेमाल जारी रखने की अस्थायी राहत मिल चुकी है। पेप्सिको और मॉन्स्टर बेवरेज की याचिकाओं पर भी मंगलवार को सुनवाई होनी है।रिलायंस के पेय कारोबार के लिए यह मामला इसलिए अहम है क्योंकि कंपनी के पास बड़ी मात्रा में पहले से तैयार माल मौजूद है। अक्टूबर में दाखिल अपनी याचिका में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने बताया कि उसके पास "एनर्जी ड्रिंक" लिखे हुए करीब 168 मिलियन डिब्बे और 120 मिलियन प्लास्टिक बोतलें तैयार हैं। इसके अलावा 400 मिलियन डिब्बों और 360 मिलियन बोतलों के लिए पहले से छपी पैकिंग भी उसके पास मौजूद है।कंपनी ने अदालत को बताया कि कुछ राज्यों में अधिकारियों ने उसके उत्पादों का माल जब्त किया है। इसके साथ ही ऑनलाइन खरीदारी करने वाले मंचों को भी इन उत्पादों को हटाने के निर्देश दिए गए। रिलायंस के मुताबिक, इससे उसके कारोबार में काफी परेशानी पैदा हुई और तैयार माल की बिक्री प्रभावित हुई है। खाद्य सुरक्षा नियामक ने इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।गौरतलब है कि रिलायंस ने 2023 में कैंपा ब्रांड को दोबारा बाजार में उतारा था। कंपनी ने अपने बड़े खुदरा नेटवर्क और कम कीमतों का सहारा लेकर कोका–कोला और पेप्सिको जैसी बड़ी कंपनियों को चुनौती देने की कोशिश की है। कैंपा की वापसी के बाद रिलायंस की नजर तेजी से बढ़ते पेय बाजार पर भी रही है।एनर्जी ड्रिंक के बाजार में इस विवाद का असर इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि भारत में इसकी बिक्री तेजी से बढ़ रही है। यूरोमॉनिटर के अनुसार, देश में इस श्रेणी के पेय की खुदरा बिक्री हर साल 12.6: की दर से बढ़ रही है। यह वृद्धि अमेरिका और चीन के मुकाबले भी ज्यादा है। इतिहासजानेंखाद्य सुरक्षा नियामक की कार्रवाई इस साल देशभर में चलाए जा रहे बड़े खाद्य सुरक्षा अभियान का हिस्सा है। इसमें कई जगह जांच, छापेमारी, कारोबार बंद कराने की कार्रवाई और नए चेतावनी लेबल से जुड़े नियम शामिल हैं।

एयरटेल पोस्टपेड प्लान 50 रुपये महंगे, हर साल मिलेगा फ्री इंटरनेट रोमिंग

भारती एयरटेल ने अपने पोस्टपेड प्लान के शुल्क में 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसके तहत ग्राहकों को हर साल एक बार मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग की सुविधा दी जाएगी। इस पांच दिवसीय मुफ्त रोमिंग पैक में 5 जीबी डेटा और 60 मिनट कॉलिंग सहित कई अन्य लाभ शामिल हैं। भारती एयरटेल ने अपने 'पोस्टपेड' शुल्क में 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसके तहत नए प्लान में हर साल एक अंतरराष्ट्रीय रोमिंग यात्रा मुफ्त दी जाएगी। कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बुधवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि नए प्लान आठ अक्टूबर, 2026 से लागू होंगे और मौजूदा 'पोस्टपेड' ग्राहकों को एक महीने के भीतर उनके मौजूदा प्लान से सबसे नजदीकी ऊंची राशि वाले प्लान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कंपनी के एक सूत्र ने बताया कि मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग की सुविधा 2,000 रुपये की है। इस तरह नए प्लान के तहत पोस्टपेड शुल्क मौजूदा शुल्क के मुकाबले 50 रुपये बढ़ जाएगा। एयरटेल ने बयान में कहा कि उसने ''नए पोस्टपेड प्लान पेश किए हैं, जिनमें और अधिक सुविधाएं शामिल हैं।'' बयान में कहा गया, ''आठ अक्टूबर, 2026 से ग्राहक इन नए 'पोस्टपेड प्लान' के साथ मौजूदा सभी सुविधाओं के अलावा हर साल एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान मुफ्त रोमिंग का लाभ उठा सकेंगे।'' 'मुफ्त रोमिंग पैक' में पांच जीबी डेटा, 60 मिनट कॉल, 25 आउटगोइंग एसएमएस और मुफ्त इनकमिंग एसएमएस शामिल हैं। इसकी वैधता पांच दिन होगी। ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार इसे सक्रिय कर सकते हैं। पारिवारिक प्लान में हर सदस्य मुफ्त रोमिंग सुविधा का पात्र होगा। बयान में कहा गया, ''मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग एयरटेल पोस्टपेड प्लान में नवीनतम सुविधा है। इन प्लान में फास्ट लेन प्रौद्योगिकी, अनलिमिटेड डेटा और नेटवर्क स्तर पर स्पैम तथा फर्जी लिंक से सुरक्षा के जरिये बेहतर अनुभव मिलता है।'' इसमें कहा गया, ''ग्राहक मनोरंजन से जुड़ी कई सदस्यता और एयरटेल पोस्टपेड एडवांटेज क्लब के जरिये विशेष अनुभवों का लाभ भी उठा सकते हैं। इनमें कॉमेडी शो, फिल्मों के प्रीमियर और संगीत कार्यक्रम शामिल हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक 7 अक्टूबर की बैठक में रेपो दर 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ा सकता है

भारतीय रिजर्व बैंक 7 अक्टूबर की बैठक में रेपो दर 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ा सकता है। लगातार 21 बैठकों के बाद यह पहली बढ़ोतरी हो सकती है। महंगे कच्चे तेल, कमजोर रुपये और वैश्विक दबावों के बीच बाजार की नजर आर्थिक वृद्धि और महंगाई पर टिकी है। अर्थव्यवस्था और महंगाई के मोर्चे पर बढ़ते दबाव के बीच रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर बाजार की नजरें टिक गई हैं। लगातार 21 बैठकों तक ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने के बाद अब 7 अक्टूबर को रिजर्व बैंक रेपो दर में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो रेपो दर बढ़कर 5.5: हो जाएगी। यह फरवरी 2023 के बाद पहली ब्याज दर बढ़ोतरी होगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, कच्चे तेल की ऊंची कीमत, दुनिया भर में बढ़ती ब्याज दरों और रुपये पर दबाव ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

कामरेड कल्याण 9 अक्टूबर को होगी रिलीज, विद्रोही अंदाज में नजर आएंगे श्री विष्णु

अभिनेता श्री विष्णु को मनोरंजन जगत में अपनी अलग शैली और हास्य से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए जाना जाता है। अब वह एक नई फिल्म श्कॉमरेड कल्याणच्य के साथ दर्शकों के बीच आने की तैयारी में हैं। जानकीराम मारेल्ला के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है और हाल ही में जारी किए गए गीत श्एथारा एथुच्य ने इस उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।फिल्म के निर्माताओं ने अब इसकी प्रदर्शन तिथि की आधिकारिक घोषणा कर दी है। श्कॉमरेड कल्याणच्य 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। घोषणा के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर में श्री विष्णु हाथ में लाल झंडा लिए विद्रोही अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके इस रूप को देखकर फिल्म की कहानी और उनके किरदार को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ गई है।फिल्म में अभिनेत्री मालविका मोहनन मुख्य महिला भूमिका में हैं। इसके अलावा राधिका सरथकुमार, शाइन टॉम चाको और उपेंद्र लिमये भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी वर्ष 1990 के दशक में आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमा से जुड़े इलाके की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई गई है। ऐसे में फिल्म में उस दौर के सामाजिक और राजनीतिक माहौल की झलक भी देखने को मिल सकती है। कॉमरेड कल्याण का निर्माण वेंकटा कृष्णा करनाती और सीता तैयार हो रही इस फिल्म को



करनाती ने किया है, जबकि फिल्म को कोना वेंकट ने प्रस्तुत किया है। निर्देशक जानकीराम मारेल्ला के निर्देशन में लेकर निर्माताओं ने इसे मनोरंजन के साथ एक अलग पृष्ठभूमि वाली कहानी के रूप में पेश करने की तैयारी की है।

दृश्यम 3 की धाकड़ कमाई से थर्राया बाक्स आफिस, 200 करोड़ कमाने के करीब पहुंची

अजय देवगन की फिल्म दृश्यमरू द कक्लूजन ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा रखी है। यह एक्शन–थ्रिलर अभिनेता के करियर की अब तक



की सबसे बड़ी ओपनिंग बनकर सामने आई और इसने कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने भारत में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का आंकड़ा पार लिया है। यह 200 करोड़ के क्लब में दाखिल होने से कुछ कदम दूर है। आइए देखें फिल्म का ताजा कलेक्शन।

सैकनिल्क के मुताबिक, दृश्यम द कक्लूजन ने रिलीज के तीसरे दिन (रविवार) 61 करोड़ रुपये कमाए हैं। पहले दिन 62 करोड़ से ओपनिंग लेकर इसने दूसरे दिन (शनिवार) 53.50 करोड़ कमाए थे, जिसके बाद फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 176.50 करोड़ रुपये हो गया है। विदेशों में, फिल्म ने तीसरे दिन 20 करोड़ कमाए, जिससे इसकी कुल विदेशी कमाई अब तक 61 करोड़ हो गई है। इसके साथ ही वैश्विक कुल कलेक्शन 272. 80 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। दृश्यम द कक्लूजन ने इस साल रिलीज हुईं टॉक्सिक (55 करोड़) बॉर्डर 2 (30 करोड़) और मिर्जापुर द मूवी (25.50) करोड़ का ओपनिंग रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। खुद अजय अपनी पिछली फिल्मों सिंघम अगेन (43.50 करोड़) और तान्हाजीरू अनसंग वॉरियर (15.10 करोड़) के ओपनिंग कलेक्शन को पीछे छोड़ चुकी है। फिल्म में तब्बू, श्रिया सरन, जयदीप अहलावत, प्रकाश झा, इशिता दत्ता जैसे कलाकार भी हैं। यह 2015 में आई दृश्यम और 2022 में आई दृश्यम 2 की दूसरी कड़ी है।

संजय पाडे की बिजली का लट्टू ने वेव्स ओटीटी पर मचाई धूम, फील गुड पिक्स में नंबर-1 और ट्रेंडिंग में नंबर-2

भोजपुरी सिनेमा के दमदार अभिनेता संजय पाण्डेय की फिल्म बिजली का लट्टूच्य इन दिनों वेव्स ओटीटी पर दर्शकों के बीच खूब पसंद की जा रही है। फिल्म ने ओटीटी मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए फील गुड पिक्स्च्य की सूची में पहला और ट्रेंडिंगच्य सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। फिल्म की इस उपलब्धि से कलाकारों और पूरी टीम में उत्साह का माहौल है। बिजली का लट्टूच्य में संजय पाण्डेय के अभिनय और उनके सहज अंदाज को दर्शकों की खास सराहना मिल रही है। अलग–अलग तरह के किरदारों में प्रभावी अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले संजय पाण्डेय ने इस फिल्म में भी अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा है। उनकी प्रभावशाली पर्दा उपस्थिति फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में शामिल है।फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया पर संजय पाण्डेय ने खुशी जताते हुए कहा कि बिजली का लट्टूच्य को दर्शकों ने जिस तरह से प्यार दिया है, उससे वह बेहद खुश और उत्साहित हैं। वेव्स ओटीटी पर फिल्म का फील गुड पिक्स्च्य में पहले और ट्रेंडिंगच्य में दूसरे स्थान पर पहुंचना पूरी टीम के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि फिल्म को पूरी ईमानदारी और मेहनत से बनाया गया है और दर्शकों द्वारा इसे पसंद किया जाना कलाकार के लिए सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने दर्शकों के साथ फिल्म की पूरी टीम का आभार जताया।फिल्म के निर्देशक धीरू यादव ने कहा कि बिजली का लट्टूच्य को दर्शकों से मिल रहा प्यार पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है।

फिल्म मंदादि की ओटीटी रिलीज का ऐलान, 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

तमिल फिल्म मंदादि की डिजिटल मंच पर रिलीज का इंतजार खत्म हो गया है। सिनेमाघरों में शानदार कारोबार करने और कई रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद यह फिल्म अब दर्शकों को डिजिटल मंच पर भी मनोरंजन के लिए तैयार है। फिल्म की डिजिटल रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इसे 8 अक्टूबर 2026 से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकेगा। मंदादि को केवल तमिल भाषा में ही नहीं, बल्कि हिंदी समेत तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी दर्शक देख सकेंगे। नेटफ्लिक्स ने फिल्म की डिजिटल रिलीज की पुष्टि की है। ऐसे में सिनेमाघरों में फिल्म का आनंद लेने से चूक गए दर्शकों के लिए इसे घर बैठे देखने का मौका मिलेगा।फिल्म के सिनेमाघर कारोबार की बात करें तो मंदादि ने अपने बजट से कहीं अधिक कमाई की थी। सैकनिल्क के अनुसार, करीब 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 132.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म की विदेशों से कमाई करीब 17. 95 करोड़ रुपये, जबकि भारत में इसका शुद्ध कारोबार 99.40 करोड़ रुपये रहा।बजट और दुनियाभर के कारोबार के आधार पर फिल्म ने करीब 194.22 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया। फिल्म के कारोबार को देखते हुए इसे वर्ष 2026 की तमिल फिल्मों में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाली फिल्मों में शामिल किया गया।रिपोर्टों के मुताबिक, श्मंदादिच्य वर्ष 2026 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में भी शामिल रही। कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तमिल सिनेमा की सबसे अधिक लाभ कमाने वाली फिल्मों में शामिल ताई किज्झवीच्य और पांचवीं सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म डीसी के कारोबार के रिकॉर्ड को गया है। फिल्म में दक्षिण भारतीय



भी पीछे छोड़ दिया।मंदादिच्य एक खेल आधारित एक्शन फिल्म है, जिसकी कहानी तमिलनाडु की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में दक्षिण भारत की पारंपरिक और रोमांचक सेलबोट दौड़ से जुड़ी प्रतिद्वंद्विता को प्रमुखता से दिखाया अभिनेता सूरी और सुहास महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आते हैं। सिनेमाघरों में सफलता के बाद अब फिल्म के डिजिटल मंच पर आने से निर्माताओं को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचने की उम्मीद है।

पहला प्यार दूसरी बार के गाने पुराने दिन संग फिर लौटीं आयुष्मान खुराना संग रोचक कोहली की स्कूल टाइम की यादें

इंडियन सिनेमा में नए चेहरों के स्पॉटलाइट में आने के साथ उत्सुकता से भरी ताजगी की लहर देखने मिल रही है. इस पल को लीड करते हुए लव फिल्म्स अपनी यूथफुल रोमांटिक कॉमेडी पहला प्यार दूसरी बार लेकर आ रहा है. अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर जैसे नए एक्टर्स की मौजूदगी वाली इस फिल्म को डेब्यूटेंट डायरेक्टर अनुज सैनी ने डायरेक्ट किया है, जबकि लव रंजन द्वारा को –प्रोड्यूस किया गया है.यह फिल्म देशभर में 23 अक्टूबर 2026 को सभी सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली है. दर्शकों के बीच हल्की फुल्की उत्तल–पुथल के साथ मॉडर्न लव, फ्रेंडशिप और रिलेशनशिप की झलक देखने के लिए उत्साह का माहौल बना हुआ है. हाल ही में मेकर्स द्वारा रिलीज किए गए दिलचस्प ट्रेलर को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है, इसके साथ ही सभी को इसमें मौजूद एनर्जी, नोंकझोंक और टोन रिलेटेबल लग रहा है. फिल्म को लेकर बढ़ रही एक्साइटमेंट के बीच में मेकर्स ने हाल ही में यादगार ट्रैक पुराने दिन को सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया है, जिसे अब खूब पसंद किया जा रहा है. इस गाने को सोनू के टीटू की स्वीटी के मशहूर गाने तेरा यार हूं मैं के हिट म्यूजिक टीम ने आकार दिया है. ऐसे में पुराने दिन को रोचक कोहली ने कंपोज किया है, अरिजीत सिंह ने गाया है, जबकि लिरिसिस्ट कुमार ने बोल लिखे हैं और लव रंजन ने प्रोड्यूस किया है. एक साथ आते हुए इन सभी ने एक और इमोशनल और दिल छू लेने वाला फ्रेंडशिप एंथम दिया है, जो दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है.ऐसे में, पुरानी यादों गाने को एक कदम और आगे ले जाते हुए, हाल ही में कंपोजर रोचक कोहली ने अपने सोशल मीडिया पर फैंस संग कुछ खास पल शेयर करते हुए बातचीत की. इस दौरान उन्होंने अपने शुरुआती दिनों को याद किया. रोचक ने एक खास पुराना वीडियो पोस्ट



किया जिसमें उनके साथ एक्टर आयुष्मान खुराना जो कि उनके पुराने दोस्त हैं अपने अन्य बचपन के दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं. बहुत से लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होगी की रोचक और आयुष्मान स्कूल के दिनों में एक साथ थे, जो कि उनके इस बॉन्ड को और खास बनाता है. गाने के सेंटीमेंट को कैद करते हुए, रोचक ने पोस्ट शेयर करते हुए एक रिलेटेबल कैप्शन लिखा है, पुराने दिन. पुराने दिन एक साथ बिताए गए हंसी के पल, देर रात की गई बातें, और स्कूल की यादों की गर्माहट को बिल्कुल सही ढंग से कैप्चर करता है, जो हमेशा हमारे साथ रहती हैं. अरिजीत सिंह की दिल छू लेने इकला आवाज के साथ रोचक कोहली की खूबसूरत मेलोडी मिलकर, इस ट्रैक को तेजी से साल का अल्टीमेट फ्रेंडशिप एंथम बना रहा है.

हनुमान अंश का बाक्स आफिस पर जलवा बरकरार, द वन ने 62 करोड़ का आंकड़ा पार किया, प्रेम कीटाणु की शुरुआत धीमी

सिनेमाघरों में इस समय कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है, लेकिन दो महीने से दर्शकों के बीच बनी हुई हनुमान अंश की पकड़ अब भी कायम है। वीर पहाड़िया की प्रेम कीटाणु, सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की द वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट्च तथा हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज की डिगर के बीच भी हनुमान अंश लगातार बेहतर कारोबार कर रही है।वीर पहाड़िया की फिल्म प्रेम कीटाणु 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन महज 50 लाख रुपये की कमाई की। दूसरे दिन इसके खाते में 35 लाख रुपये आए, जबकि तीसरे दिन फिल्म ने 31 लाख रुपये का कारोबार किया। इस तरह तीन दिनों में फिल्म की कुल कमाई 1.16 करोड़ रुपये तक पहुंची है।सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म श्द वन रू फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट्च पहले से सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म ने प्रदर्शन के 10वें दिन 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही भारत में फिल्म का कुल शुद्ध कारोबार 62.10 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में फिल्म ने अब तक 80.79 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।टॉम क्रूज की फिल्म श्डिगरच्य भी 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह एक हास्य–व्यंग्य शैली की फिल्म है। फिल्म ने पहले दिन 78 लाख रुपये का कारोबार किया। दूसरे दिन इसकी कमाई 52 लाख रुपये रही, जबकि तीसरे दिन फिल्म ने 50 लाख रुपये कमाए।

इस तरह तीन दिनों में श्डिगरच्य की कुल कमाई 1.55 करोड़ रुपये हो गई है।विशाल चतुर्वेदी की फिल्म श्हनुमान अंशच्य सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के दो महीने पूरे कर चुकी है। इसके बावजूद फिल्म की कमाई में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म ने प्रदर्शन के 59वें दिन 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही इसका कुल कारोबार 324.73 करोड़ रुपये हो गया है। नई फिल्मों की रिलीज के बावजूद श्हनुमान अंशच्य का लगातार दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचना फिल्म के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं, श्प्रेम कीटाणुच्य और श्डिगरच्य को शुरुआती दिनों में दर्शकों की ओर से अपेक्षाकृत धीमी प्रतिक्रिया मिली है, जबकि श्द वन रू फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट्च ने 60 करोड़ रुपये से अधिक का आंकड़ा पार कर अपनी पकड़ बनाए रखी है।



अनुपमा के साथ दो साल पूरे करना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि, इशिता दीक्षित ने साझा किए अनुभव

धारावाहिक अनुपमा में पिछले दो साल से परी का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री इशिता दीक्षित ने कहा कि यह उनके लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि और खास पल है। इशिता ने कहा, अनुपमा जैसे बड़े शो के साथ दो साल पूरे करना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि और एक अहम माइलस्टोन है। मैं बहुत शुक्रगुजार और खुश हूं। राजन शाही सर की हमेशा आभारी रहूंगी कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया, क्योंकि अनुपमा के बाद मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल गई और यही सच है। इशिता ने कहा कि जब उन्होंने परी का किरदार निभाना शुरू किया था, तब वह बहुत अलग थी और अब वह लड़की बहुत बदल गई है।इशिता ने कहा, इस सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा है। दो सालों में मैंने जो ग्रोथ दिखाई है, उससे मैं सच में खुश हूं। आज मैं बिल्कुल अलग महसूस करती हूं, न सिर्फ परी के तौर पर, बल्कि अपनी कला और एक एक्टर के तौर पर भी मैंने बहुत सी चीजें सीखी हैं और जब आप सेट पर इतने सारे सीनियर एक्टर्स के साथ काम करते हैं, तो आप उन्हें देखकर, उनके काम करने के तरीके को समझकर और उनके साथ सीन करके लगातार सीखते रहते हैं।

इशिता ने बताया, यह मेरे लिए बहुत शानदार अनुभव रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह ऐसे ही चलता रहेगा। देखते हैं कि परी और मैं कब तक साथ रहते हैं, लेकिन सच कहूं तो, मैं चाहूंगी कि यह सफर लंबा चले क्योंकि मैं अधिक से अधिक समय तक परी का किरदार निभाना चाहती हूं।इशिता ने कहा, अब तक, वह (परी) मेरी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। जब आप इतने सालों तक कोई किरदार निभाते हैं, तो कभी–कभी आप



भूल जाते हैं कि असल जिंदगी क्या है और रील लाइफ क्या। पहले, हर इंटरव्यू में मैं कहती थी कि परी और मुझमें कोई समानता नहीं है। लेकिन दो साल बाद, मुझे लगता है कि हममें काफी समानताएं आ गई हैं।एक्ट्रेस ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, कहीं न कहीं, मेरे असली रूप और परी के बीच का फर्क मिटने लगा है क्योंकि मैं इतने लंबे समय से उसके साथ रही हूं।

रावी गुप्ता ने बताया कैसे बदल गई टीवी इंडस्ट्री, बोलीं- पहले नकारात्मक किरदार को बिल्कुल बुरा दिखाते थे

अभिनेत्री रावी गुप्ता इन दिनों लोकप्रिय सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी के दूसरे सीजन में दामिनी (गौतम विरानी की पत्नी) के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पहले की तुलना में आज काम करने का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री बहुत तेजी से बढ़ी है और मुझे लगता है कि आगे भी बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा, इंडस्ट्री में बदलाव आगे भी जारी रहेगा, खासकर तकनीक के मामले में। अगर मैं क्योंकि सास भी बहू की तुलना–2 की तुलना पहले शो से करूं, तो दोनों की तकनीक में जमीन–आसमान का फर्क है।अभिनेत्री ने अपने किरदार पर बात करते हुए कहा, मेरा किरदार खुद ही एक सरप्राइज है। लोगों को लगा था कि दामिनी निगेटिव होगी, क्योंकि पिछले सीजन में मैंने निगेटिव रोल किया था। सबको लगा कि वह कुछ गलत करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। असल में वह एक आम औरत है, जिसकी अपनी परेशानियां हैं। वह ज्यादा ड्रामा नहीं करती और यही इस किरदार को खास बनाती है।अभिनेत्री ने बताया कि पहले के मुकाबले अब उन्हें डेली सोप में बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा, पहले के समय में निगेटिव रोल को बिल्कुल बुरा ही दिखाते थे, जैसे कि उनमें कुछ अच्छा है ही नहीं और उनकी हर चीज को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाया जाता था। खासकर महिलाओं के मामले में, अगर किरदार पॉजिटिव है, तो उसे देवी बना दिया जाता था, लेकिन अब मुझे बदलाव नजर आ रहा है। डेली सोप में भी अब किरदारों में गहराई देखने को मिल रही है, जो कि अच्छा बदलाव है।उन्होंने आगे कहा, एक समय था जब डेली सोप को लेकर सोच बन गई थी कि महिलाओं को हमेशा दबा हुआ दिखाया जाता था। उन्हें तभी अच्छा माना जाता था, जब वह परिवार के लिए कुर्बानी दें।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।